
उज्जैन
गुरुवार
22
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-348
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश

7 बुमराह वर्ल्डकप तक तीनों फॉर्मेट न खेलें : रवि शास्त्री



रणबीर कपूर ने अपने बयान पर माफी मांगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

रणबीर कपूर ने सच्चाई और अच्छाई के अंत वाले बयान पर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि अनजाने में उनकी जुबान फिसल गई थी। यह बयान उन्होंने 20 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल में दशहरा कार्यक्रम में दिया था। उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। 21 अक्टूबर को चेन्नई में अपनी फिल्म रामायण के ग्रैंड म्यूजिकल इवेंट और फुल-एल्बम लॉन्च पर रणबीर ने सफाई दी। दरअसल, मंगलवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम में रणबीर ने दशहरे का महत्व बताया था। इस दौरान उन्होंने कहा था, दशहरा हमें एक बहुत खूबसूरत बात याद दिलाता है कि बुराई चाहे कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, आखिर में अंत सच्चाई और अच्छाई का ही होगा। गौरतलब है कि फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाने वाले हैं। लेकिन दशहरा कार्यक्रम में दिए उनके बयान के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया गया। एक यूजर ने कमेंट किया, और भाई भगवान राम का किरदार निभा रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा, अब रामायण देखने में डर लग रहा है।

देश

- **एपस्टीन** के साथ हरदीप पुरी की तस्वीरें वायरल, कांग्रेस ने उठाए सवाल, मंत्री के पुराने बयान पर चर्चा
- **आईआईटी** मद्रास के पूर्व छात्र का बड़ा धमाका अकचिप्स की गर्मी कम करने वाली टेक्नोलॉजी के लिए जुटाए 9 मिलियन डॉलर
- **बैंकॉक** से मुंबई आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट लौटी, भारतीय यात्री ने हंगामा किया था, 45 मिनट बाद मुंबई के लिए उड़ान भरी
- **अगरतला** साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब 22 अक्टूबर से नियमित एक्सप्रेस के रूप में चलेगी, नंबर भी बदला
- **काशी** में चिनूक हेलिकॉप्टर गंगा को छूकर उड़ा, कमांडो हेलिकॉप्टर से क्रूज पर उतरे, 52 लड़ाकू विमानों के हैरतअंगेज करतब

विदेश

- **पाकिस्तान,** तुर्किये, कतर और इंडोनेशिया मिलकर हथियार बनाएंगे, चारों देशों के बीच करार, अब पाक मुस्लिम देशों के साथ साझेदारी बढ़ा रहा
- **बिस्मिल्लाह** से ले तेनैब्रे फ्रांस के आंदोलन का नारा बना, जेन जेड पुलिस को चिढ़ा रहे, भारत में भी वास्तेगुना हुइंया फेमस हुआ था
- **पाकिस्तान** छोड़ यूरोपीय देशों में बस रहे बड़े अफसर, रक्षा मंत्री बोले- नौकरी में रहते ही भागने का प्लान बना रहे, पुर्तगाल पसंदीदा ठिकाना बना

व्यापार

- **जियो** का आईपीओ पहले ही दिन 3 गुना भरा, 30 हजार करोड़ के शेयरों के लिए 67 हजार करोड़ की बोली लगी, 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा
- **जोमैटो-ब्लिंकइट** की पैरेंट कंपनी देसी एआई असिस्टेंट लाएगी

कार्टून..



9 देशों के 101 संगठनों का नेटवर्क, इंडियन अलायंस पेरिस मैसेज शेयर करता है

फ्रांस दंगों और भारत के प्रदर्शनों में कनेक्शन का दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फ्रांस में हुए दंगों और भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों के बीच कनेक्शन का दावा किया गया है। अमेरिकी चैनल फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, 9 देशों में 101 संगठनों का नेटवर्क फैला हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, ये संगठन यूरोप में प्रदर्शनों के आयोजन, उनके बीच तालमेल बनाने और संदेश फैलाने में भूमिका निभाते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फ्रांस स्थित इंडियन अलायंस पेरिस फ्रांस और भारत में विरोध प्रदर्शनों से जुड़े संदेश साझा करता है।

आईएपी सचिव के फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध का दावा

फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में इंडियन अलायंस पेरिस के साथ मैनहैटन स्थित पीपल्स फोरम की साझेदारी का भी उल्लेख है। सोशल मीडिया हैंडल डिसइन्फोलैब के एक पोस्ट में आईएपी के सचिव जॉय बनर्जी के बारे में दावा किया गया है कि वे फ्रांस की ट्रेड यूनियन सीजीटी के पूर्व प्रतिनिधि रह चुके हैं और उनके फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध हैं। रिपोर्ट में प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल नाम के अंतरराष्ट्रीय संगठन का भी जिक्र है। इस संगठन ने 16 अक्टूबर को अपनी वेबसाइट पर जारी ब्रीफिंग में फ्रांस, स्पेन, भारत और अल्बानिया में चल रहे आंदोलनों का एक साथ उल्लेख किया। संगठन ने सवाल उठाया कि क्या ये आंदोलन उन परिस्थितियों को बदलने के लिए संगठित ताकत बन सकते हैं, जिनके खिलाफ वे शुरू हुए हैं। उसने इन आंदोलनों को समर्थन देने और उनके बीच संपर्क बढ़ाने की बात भी कही।

101 संगठनों में 33 छात्र और युवा समूह- रिपोर्ट ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स के मुताबिक, पहचाने गए 101 संगठनों में से 33 का नेतृत्व छात्रों या युवाओं के हाथ में है। बाकी संगठनों का नेतृत्व मुख्य रूप से वयस्क करते हैं। नेटवर्क में वामपंथी, कम्युनिस्ट और समाजवादी समूहों के साथ छात्र संगठन भी शामिल हैं। रिपोर्ट में इस नेटवर्क को रेड-ग्रीन प्रोटेस्ट इकोसिस्टम नाम दिया गया है। इसमें रेड का संबंध कम्युनिस्ट और समाजवादी समूहों से, जबकि ग्रीन का संबंध इस्लामी संगठनों से बताया गया है। रिपोर्ट में फ्रांस के कुछ ऐसे समूहों का भी जिक्र है, जो एंटीफा नाम का इस्तेमाल करते हैं। रिपोर्ट में ब्रेकथ्रू न्यूज, कोडपिंक और पार्टी फॉर सोशलिज्म एंड लिबरेशन जैसे संगठनों के नाम शामिल हैं। इसमें दावा किया गया है कि इन संगठनों को शंघाई में रहने वाले अमेरिकी मूल के टेक कारोबारी नेविल रॉय सिंघम से आर्थिक मदद और समर्थन मिलता है।

फ्रांस में 24 अक्टूबर को 212 जगहों पर प्रदर्शन की तैयारी

रिपोर्ट के मुताबिक, 17 अक्टूबर को फ्रांस में हुए प्रदर्शनों के बाद 24 अक्टूबर को एक्ट आईआई नाम से फिर प्रदर्शन करने की तैयारी थी। एक डिजिटल मैप के हवाले से 212 जगहों पर प्रदर्शन की योजना का जिक्र किया गया है। इसके बाद 31 अक्टूबर को एक्ट आईआईआई और नवंबर में भी प्रदर्शनों की तैयारी बताई गई है। रिपोर्ट में प्रदर्शनों के आयोजन से जुड़ी एक वेबसाइट और टेलीग्राम के जरिए कार्यक्रमों की जानकारी, पोस्टर और संदेश साझा किए जाने का भी उल्लेख है।

दीपके बोले-आशुतोष और सौरव मुझसे बहुत बड़े नेता हैं

कल देशभर में एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका की रिहाई के बाद अभिजीत दीपके ने कहा कि दोनों उनसे बेहतर और बहुत बड़े नेता हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि वे सौरव और आशुतोष के आदेश मानने के लिए तैयार हैं।

सौरव और आशुतोष को 7 दिन बाद दिल्ली की स्पेशल कोर्ट से जमानत मिली। दोनों को 50 हजार रुपए के बॉन्ड पर रिहा किया गया। दिल्ली पुलिस ने 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दोनों को हिरासत में लिया था।





कल पीपल अगेंस्ट एसआईआर गठबंधन देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के खिलाफ और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करेगा। इनमें अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर, अभिनेता प्रकाश राज और अभिजीत दीपके शामिल होंगे। वहीं, इंडिया ब्लॉक के नेता आज शाम ऑनलाइन बैठक करेंगे। इसमें वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

सौरव-आशुतोष जंतर-मंतर पर पकड़े गए थे

सरकार ने 12 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी। इसके बावजूद 13 अक्टूबर को आशुतोष और सौरव तिरंगा लेकर वहां पहुंच गए। शांति नियम तोड़ने के आरोप में उन्हें 5 दिन के लिए जेल भेजा गया था। फिर 19 अक्टूबर को उनकी हिरासत 2 दिन और बढ़ा दी गई थी। इससे पहले बुधवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में दखल देने से मना कर दिया। कोर्ट ने कहा था कि नेता पहले मजिस्ट्रेट का फैसला आने दें, फिर जरूरत पड़ने पर ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएं।

- **सौरव-आशुतोष के खिलाफ दोनों केस क्राइम ब्रांच ट्रांसफर-** दिल्ली पुलिस ने दोनों नेताओं से जुड़े जंतर-मंतर मामले को भी क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया है। इससे पहले कनॉट प्लेस में दर्ज केस क्राइम ब्रांच को सौंपा गया था। अब दोनों मामलों की जांच क्राइम ब्रांच करेगी।
- **200 से ज्यादा संगठनों की बैठक के बाद बना गठबंधन-** 23 अक्टूबर को होने वाला यह प्रदर्शन पिछले सप्ताह पीपल अगेंस्ट एसआईआर गठबंधन के गठन के बाद आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली में हुई एक आपात बैठक में 200 से ज्यादा संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। एसआईआर के विरोध को एकजुट करने के लिए यह मंच बनाया गया है। इसमें नागरिक समाज, किसान यूनियनों, मजदूर संगठनों और महिला व युवा संगठनों को शामिल किया गया है।आयोजकों ने लोगों से अपने-अपने इलाकों में मार्च और प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

विपक्षी गठबंधन की 5 मांगें, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें

सीईअसी के इस्तीफे की मांग की- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार से इस्तीफा दें। उन्होंने मतदाता सूची में कथित दखल की जांच में सहयोग करने की भी बात कही।
मतदाता सूची में पारदर्शिता की मांग- वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने और सुधार की पूरी जानकारी बूथ और विधानसभा स्तर पर सार्वजनिक होनी चाहिए। किसी वैध मतदाता का नाम हटाने से पहले नोटिस और अपील का मौका मिलना चाहिए।
एसआईआर और वोटर के नाम हटाने पर सवाल- एसआईआर से बड़ी संख्या में वोटर लिस्ट से बाहर हो सकते हैं। भविष्य के चुनावों में एसआईआर से पहले की मतदाता सूची इस्तेमाल की जाए।
ईवीएम की जगह बैलट पेपर की मांग- ईवीएम की जगह चुनाव में फिर से बैलट पेपर इस्तेमाल हो। पहली बार वोट देने वालों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आसान हो।
विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील- इंडिया गठबंधन के दल चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही के मुद्दे पर एकजुट रहें। लोकतंत्र में अंतिम अधिकार जनता का होना चाहिए।

सीजेपीः तिहाड़ से रिहाई के बाद

सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस ने भेजा नोटिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने सीजेपी नेताओं सौरव दास, आशुतोष रांका, अजिंक्य शिंदे को सरकारी आदेश उल्लंघन, जंतर-मंतर अनधिकृत प्रवेश मामले में तलब किया। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को बुधवार को ही न्यायिक हिरासत से रिहा किया गया।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सीजेपी नेताओं सौरव दास, आशुतोष रांका और अजिंक्य शिंदे को जांच में शामिल होने के लिए आज तलब किया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद सौरव दास और आशुतोष रांका को क्राइम ब्रांच ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया। वहीं, अजिंक्य शिंदे को भी समन भेजा गया है। यह जांच सरकारी आदेश का कथित उल्लंघन करने और जंतर-मंतर पहुंचने के दौरान दूसरे व्यक्ति की संपत्ति में कथित तौर पर अनधिकृत प्रवेश करने से जुड़ी है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 188 के बजाय लागू कानून के तहत कार्रवाई की पुष्टि आधिकारिक दस्तावेजों से की जानी बाकी है।

सौरव दास-आशुतोष रांका को कल ही मिली थी जमानत

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका को बुधवार को न्यायिक हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया गया। दोनों नेताओं से लिखित में माफीनामा और शपथ पत्र लेने के बाद जमानत पर छोड़ा गया है।



रांका और दास ने कोर्ट में दिया लिखित माफीनामा

उन्होंने विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) के समक्ष लिखित में आश्वासन दिया कि वे जंतर-मंतर स्थल को कानून के अनुसार गैर-अधिसूचित किए जाने तक शांति बनाए रखेंगे और वहां विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगे।

अभिजीत दिपके ने सीजेपी नेताओं की रिहाई पर किया था यह पोस्ट

अभिजीत दिपके ने सीजेपी नेताओं सौरव और आशुतोष रांका की रिहाई पर एक्स पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने दोनों को खुद से बहुत बड़ा नेता बताया, आदेश पालन की बात कही और मजाकिया अंदाज में कहा था कि अब उनके बिना बगीचे में कोई अकेला नहीं घूमेगा।

केदारनाथ में बर्फबारी, तापमान माइनस 8 डिग्री

एमपी के 11 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, तिरुवनंतपुरम में लैंडस्लाइड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में बुधवार को बर्फबारी हुई। इसके चलते गुरुवार सुबह तापमान -8 डिग्री तक पहुंच गया। कड़ाके की ठंड से पानी की पाइपलाइन जम गई, जिससे लोगों को समस्या हो रही है। राज्य के 4 जिलों में बारिश होने की संभावना है।

केरल के तिरुवनंतपुरम में गुरुवार सुबह परसाला रेलवे स्टेशन के पास लैंडस्लाइड से बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस का इंजन पटरी से उतर गया। बारिश के बीच यह हादसा हुआ। मौसम विभाग ने बुधवार को तिरुवनंतपुरम में बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। वहीं, 22 से 25 अक्टूबर तक भारी बारिश का येलो अलर्ट है।



मध्य प्रदेश के इंदौर, आलीराजपुर, धार, बड़वानी और खरगोन समेत 11 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। 24 अक्टूबर से नए मौसम सिस्टम का असर प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी में दिखेगा। अगले 2 दिन इंदौर संभाग और नर्मदापुरम में भी बारिश हो सकती है।

दावा-प्रियंका गांधी के बेटे की प्रदर्शनी से 70 फोटो हटाईं

इनमें दिल्ली प्रोटेस्ट की भी फोटोज, रेहान वाड्रा बोले- कलाकारों को सेंसर किया जा रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के बीकानेर हाउस में प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। इनमें दिल्ली में हुए विरोध प्रदर्शनों की तस्वीरें भी शामिल थीं।

रेहान ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनकी सोलो एग्जीबिशन नो आइडिया इज फाइनल शुरू होने से कुछ घंटे पहले तस्वीरें हटाई गईं। प्रदर्शनी में पहले 100 से ज्यादा तस्वीरें थीं। अब करीब 40 बची हैं।

रेहान ने आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक माहौल का हवाला दिया गया, जबकि तस्वीरों में कोई राजनीतिक संदेश नहीं



था। उन्होंने कहा- कलाकारों के काम को सेंसर किया जा रहा है। इस मामले में बीकानेर हाउस की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

प्रदर्शनी का लेआउट मैनेजमेंट को पहले बताया था- रेहान ने बताया कि बुधवार दोपहर 3:30 बजे उनसे कहा गया कि शाम 5 बजे तक तस्वीरें नहीं हटाईं तो प्रदर्शनी रद्द कर दी जाएगी। रेहान के मुताबिक, प्रशासन ने मौजूदा राजनीतिक माहौल का हवाला देकर उनकी तस्वीरों पर आपत्ति जताई। उनके मुताबिक, प्रदर्शनी का प्रस्ताव और लेआउट पहले ही प्रबंधन को दिया जा चुका था। उन्होंने कहा कि तस्वीरें पिछले छह महीनों में हुए प्रदर्शनों का दस्तावेज थीं।

रेहान ने कहा- मुझे नहीं पता कि वे किससे डरे हुए हैं और तिरंगा की फोटो तक हटाने की हद तक चले गए, लेकिन मैं तिरंगे के फोटो नहीं हटाऊंगा। प्रदर्शनी रविवार तक तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी।

फाइटर जेट और छोटे ड्रोन को पहचानकर ट्रैक करेंगे, हवाई खतरों से निपटने में मदद मिलेगी

रक्षा मंत्रालय सेना के लिए 770 करोड़ के रडार खरीदेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की हवाई सुरक्षा मजबूत करने के लिए बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ करीब 770 करोड़ रुपए की डील की है। इसके तहत इम्प्रूव्ड लो लेवल लाइट वेट रडार खरीदे जाएंगे।

ये रडार फाइटर जेट के साथ बेहद छोटे ड्रोन का भी पता लगाकर उनकी गतिविधियों को ट्रैक कर सकेंगे। ये रडार हवाई लक्ष्यों की पहचान कर यह भी तय कर सकेंगे कि किस खतरे पर पहले ध्यान देना जरूरी है। इससे दुश्मन के ड्रोन से निपटने में सेना को मदद मिलेगी। साथ ही, देश की हवाई सुरक्षा मजबूत होगी और भारत में रक्षा उपकरण बनाने को बढ़ावा मिलेगा।

स्वदेशी रक्षा निर्माण को मिलेगा बढ़ावा- रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से करीब 770 करोड़ रुपए के रडार खरीदने का करार देश में रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देगा। इससे घरेलू रक्षा उद्योग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम



उद्यमों को भी अवसर मिलने की उम्मीद है। यह पहल आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्यों के अनुरूप है।

4,106 करोड़ की डिफेंस डील हुई

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना और नौसेना की क्षमता बढ़ाने के लिए करीब 4,106 करोड़ रुपए के दो रक्षा करार किए। इनमें वायुसेना के लिए संचार उपग्रह और नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो की खरीद शामिल है।

वायुसेना को मिलेगा 2,563 करोड़ का संचार उपग्रह

मंत्रालय ने न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ जीएसएटी-7सी संचार उपग्रह के लिए 2,563 करोड़ रुपए का करार किया। स्वदेशी रूप से विकसित इस उपग्रह से वायुसेना के विमानों और अन्य संसाधनों के बीच सुरक्षित और बेहतर संचार व्यवस्था मजबूत होगी।

नौसेना के लिए 1,543 करोड़ के वरुणास्त्र टॉरपीडो

भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ 1,543 करोड़ रुपए का करार किया गया। इसके तहत नौसेना के लिए स्वदेशी वरुणास्त्र हेवी वेट टॉरपीडो खरीदे जाएंगे। इन्हें जहाज से दागकर दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बनाया जा सकता है। इससे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता बढ़ेगी।

पैरा एशियन गेम्स में भारत को दिन का दूसरा गोल्ड

शीतल-तोमर ने आर्चरी में दिलाया, सुवर्णा ने विमेंस डिस्कस थ्रो में सोना जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागोया

भारत ने पैरा एशियन गेम्स में गुरुवार को दूसरा गोल्ड जीत लिया है। शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड आर्चरी में दिलाया। इससे पहले सुवर्णा राज ने महिला डिस्कस थ्रो में सोना जीता।

जापान के नागोया में चल रहे गेम्स के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 2 गोल्ड, 7 ब्रॉन्ज सहित 9 मेडल जीत लिए हैं। भारत मेडल टैली में चौथे स्थान पर है। उसके 16 गोल्ड, 22 सिल्वर और 33 ब्रॉन्ज के सहारे 71 मेडल हो गए हैं।

सुवर्णा ने 15.66 मीटर डिस्कस फेंका

सुवर्णा ने महिला डिस्कस थ्रो की एफ54 कैटेरी में 15.66 मीटर थ्रो किया। उन्होंने छह प्रयासों में चार बार 15 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की। ईरान की शाहला हदीदी 15.45 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वियतनाम की थी न्गोक थुई गुयेन ने 14.65 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

एफ54 कैटेगरी क्या है

एफ54 कैटेगरी उन बैठे हुए खिलाड़ियों के लिए है, जिनके धड़ और निचले अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ये खिलाड़ी थ्रोइंग चेयर से मुकाबला करते हैं। खिलाड़ी ताकत पैदा करने के लिए अपने ऊपरी शरीर और बाजुओं की गतिविधि का इस्तेमाल करते हैं। धड़ पर सीमित नियंत्रण का असर उनके थ्रो करने के तरीके पर पड़ता है।
तीरंदाजी की एक कैटेगरी में पहली बार मेडल आया- स्वाति चौधरी ने एशियन पैरा गेम्स में तीरंदाजी की डब्ल्यू1 कैटेगरी में भारत का पहला मेडल जीता। मेरठ की स्वाति चौधरी को विमेंस इंडिविजुअल फाइनल में चीन की सेन मेंगकान से 4-6 से हार मिली। इस जीत के साथ स्वाति ने सिल्वर और सेन ने गोल्ड मेडल जीता। सेन दुनिया की 23वें नंबर की तीरंदाज हैं। वे ओलंपियन सत्यदेव प्रसाद के मार्गदर्शन में मेरठ की गुरुकुल आर्चरी एकेडमी में ट्रेनिंग करती हैं।

महाकाल श्रृंगार



महाकाल का रजत चंद्र-त्रिपुंड और गुलाब के फूलों से श्रृंगार

अपनेतक

बस स्टैंड गया, ग्राहकी भी ले गया!

देवासगेट के बाजार में अब पहले जैसी रौनक नहीं, व्यापारियों के सामने कारोबार बचाने की चुनौती देवासगेट बस स्टैंड दूसरी जगह चला गया, लेकिन उसके साथ इस क्षेत्र के बाजार की रौनक भी जैसे विदा हो गई। कभी बसों की आवाजाही और यात्रियों की भीड़ से गुलजार रहने वाली दुकानों पर अब ग्राहकों का इंतजार करना पड़ रहा है। बस स्टैंड के आसपास चाय-नाश्ते, खानपान, किराना और अन्य जरूरतों की दुकानें यात्रियों की आवाजाही से कारोबार पाती थीं। अब जब यात्रियों का पुराना सिलसिला टूट गया है, तो व्यापार पर उसका असर भी दिखाई देने लगा है।

शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बदलाव करना गलत नहीं है, लेकिन किसी व्यवस्था को बदलते समय उससे प्रभावित होने वाले लोगों की चिंता करना भी उतना ही जरूरी है। जिन व्यापारियों ने वर्षों पहले इस क्षेत्र में दुकानें स्थापित कीं, कारोबार जमाया और अपनी आजीविका इसी बाजार से जोड़ी, उनके लिए ग्राहकों की कमी महज एक दिन की परेशानी नहीं है। दुकान का किराया, कर्मचारियों का वेतन, बिजली का बिल और दूसरे खर्च पहले की तरह जारी हैं, लेकिन आमदनी प्रभावित होने लगे तो व्यापार चलाना मुश्किल हो जाता है।

सवाल यह नहीं कि बस स्टैंड को दूसरी जगह क्यों ले जाया गया, बल्कि सवाल यह है कि उसके बाद देवासगेट के बाजार की चिंता किसने की? क्या स्थानांतरण से पहले पुराने बाजार के व्यापार पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव का आकलन किया गया था? क्या व्यापारियों से चर्चा हुई थी? और यदि कारोबार प्रभावित हो रहा है, तो बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को यह समझना होगा कि शहर केवल सड़कों, चौराहों और यातायात व्यवस्था से नहीं बनता। बाजार, दुकानदार, ग्राहक और उनसे जुड़े रोजगार भी शहर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नई व्यवस्था से यदि एक क्षेत्र को सुविधा मिलती है, तो दूसरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बचाने के उपाय भी होने चाहिए। देवासगेट के बाजार में आवागमन सुगम बनाने, पार्किंग की उचित व्यवस्था करने और लोगों को बाजार तक पहुंचने में सुविधा देने जैसे कदम इस दिशा में मददगार हो सकते हैं।

बसें दूसरी जगह चली गईं, लेकिन देवासगेट के व्यापारियों के सामने खड़ा सवाल वहीं है—ग्राहक कहां से आएंगे और कारोबार कैसे चलेगा? शहर का विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब नई सुविधाओं के साथ पुराने बाजारों की आजीविका भी सुरक्षित रहे। वरना यातायात की व्यवस्था तो बदल जाएगी, लेकिन उसके पीछे छूट गए व्यापारियों की परेशानी का जवाब किसी के पास नहीं होगा।

नानाखेड़ा में आज होगा क्रूर राक्षस रूपी रावण दहन, होगी आतिशबाजी, मनेगा लोकोत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व विजयदशमी के उपलक्ष्य में आज 22 अक्टूबर को शाम 7 बजे नानाखेड़ा में रावण दहन के साथ लोकोत्सव मनाया जाएगा। नानाखेड़ा रावण दहन के संयोजक अभिषेक सिसोदिया ने बताया कि समिति अध्यक्ष डॉ. प्रकाश रघुवंशी की अध्यक्षता में क्रूर राक्षस रूपी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। यह आयोजन संस्था के संरक्षक व समाजसेवी नारायण यादव और विक्रम विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह के संरक्षण में भव्य रूप से संपन्न होगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरी महाराज, नगर निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और विवेक यादव उपस्थित रहेंगे।

108 मीटर लंबे कैनवास पर मांडना तपस्या

लगातार 36 घंटे बनाएंगे मांडना, शरद पूर्णिमा की सुबह से सतत अंकन





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन (पं राहुल शुक्ल)

मालवा की पुरातन मांडना कला को वैश्विक पहचान दिलाने की पुरजोर कोशिश करता एक युवा शिप्रा नदी के पावन तट पर लगातार 36 घंटे मांडना बनाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड मे अपना नाम दर्ज कराने की दौड मे रहेगा। संस्था प्रतिकल्पा से जुडे 26 वर्षीय सिद्धार्थ भागचंदानी एक डिजाइनर हैं और उन्होने यूनाइटेड किंगडम से डिजाइन फार बिजनेस मे उपाधि ली है।

सिद्धार्थ ने दैनिक ब्रह्मास्त्र को चर्चा मे बताया कि डिजाइन आर्ट मे बचपन से ही रूचि रही और घर मे मांडना कला देखता रहा। बडे होने पर विचार आया कि मालवा की इस लुप्त होती कला विरासत को सहेजना बहुत जरूरी है। विदेश मे शिक्षा लेते समय जब एम्बेसी मे भारत के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह मे सजावट के लिए बुलाया तो मांडना बनाए गए जिसकी विदेशियों ने भी काफी प्रशंसा की। बस उसी समय दिमाग मे विचार आया कि इस पुरातन भारतीय कला को वैश्विक पहचान दिलाना आवश्यक है और शरद पूर्णिमा के पावन दिन को इस हेतु चयन किया। उन्होने बताया कि बदलते वक्त मे इसे कैनवास पर ब्रश व मार्कर के द्वारा बहुत अच्छे ढंग से बनाया जा सकता है और मांडना आर्ट की विभिन्न फ्रेम तैयार कर आफिस, होटल, घर आदि की सुन्दरता मे चार चांद लगाए जा सकते हैं। रामघाट पर शरद पूर्णिमा के दिन वे अपना अभियान शुरू करेंगे जिसको दर्ज करने लिम्का बुक व गोल्डन बुक की टीम शहर मे रहेगी।

विशाल कैनवास पर उकेरेंगे शिव बारात

108 मीटर पर सतत 36 घंटे तक सिद्धार्थ शिव विवाह के विविध आयाम अंकित करते नजर आएंगे। इस दौरान मुख्य थीम रहेंगे :

शक्ति तपस्या ,जिसमे माता पार्वती शिव को पाने के लिए तप करती दिखेंगी।

कैलाश तत्व ,जिसमे शिवजी के सभी गण जैसे नन्दी, भृंगी व श्रृंगी आदि होंगे।

आकाश मे बारात, चमकदार धुएं के मध्य बारात का दृश्य होगा जिसमे आगे छत्र लिए सूर्यदेव व चंवर डुलाते हुए गंगा व यमुना दिखेंगी।

दुल्हा रूप ,इसमे भोलेनाथ कपाली रूप से चन्द्रशेखर रूप मे परिवर्तित नजर आएंगे।

विवाह समारोह ,जिसमे मंडप , यज्ञ कुण्ड आदि होंगे

सुखी दांपत्य ,इसमे भोलेनाथ माता उमा के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करते दर्शाए जाएंगे। इस प्रकार विशाल कैनवास पर उमा की यात्रा कैलाश से शुरू होकर समापन भी कैलाश पर ही होता सभी को दिखेगा। सिद्धार्थ का ये सदप्रयास सफलता की नई कहानी लिखेगा जब मालवा की प्राचीन मांडना कला अपने नवीन रूप मे वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाती हुई भविष्य मे नजर आएगी।

कौन हैं सिद्धार्थ भागचंदानी

सेंट मैरी स्कूल उज्जैन के पूर्व हेड बॉय सिद्धार्थ वरिष्ठ नाटक निर्देशक कुमार किशन और सुप्रसिद्ध नृत्यगुरु डॉ. पल्लवी किशन के पुत्र हैं। उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन से बी.डेस. और डंडी यूनिवर्सिटी यूके से एमएससी इन डिजाइन की डिग्री हासिल की है। अब वे हॉवर्ड बिजनेस स्कूल अमेरिका में डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन प्रोग्राम के लिए चयनित हुए हैं। भरतनाट्यम में निपुण सिद्धार्थ एडिनबर्ग यूके की इंडियन एंबेसी, कॉमनवेल्थ गेम्स ग्लासगो में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया व पीटी उषा के आतिथ्य में तथा बाली फेस्टिवल इंडोनेशिया में भी प्रस्तुति दे चुके हैं। बचपन से ही मांडना और संजा कला के प्रति आकृष्ट सिद्धार्थ रामलीला की मंच सामग्री बनाने में भी हिस्सा लेते रहे हैं।

अलख उज्जयिनी की गरबा आराधना का भव्य समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संस्था अलख उज्जयिनी द्वारा मक्सी रोड स्थित डालडा फैक्ट्री ग्राउंड पर आयोजित नौवें वर्ष की गरबा आराधना का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। समारोह में प्रतिदिन गरबा करने वाली बालिकाओं और आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कार्यकताओं का सम्मान किया गया। नगर निगम सभापति कलावती यादव और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कार्य परिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने अतिथि के रूप में बालिकाओं को प्रमाण पत्र, आकर्षक उपहार और फल वितरित किए।

संस्था अध्यक्ष आनंद सिंह खींची के नेतृत्व में इस वर्ष आयोजन में कई नवाचार किए गए। सांस्कृतिक उत्सव के साथ इसे सामाजिक जागरूकता का मंच भी बनाया गया, जिसमें सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और समाजोपयोगी संदेश देने जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। क्षेत्रीय नागरिकों के बीच यह आयोजन बेहद लोकप्रिय रहा। गरबा के साथ लगे मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया, वहीं सनातन संस्कृति से जुड़े प्रश्नों के सही उत्तर देकर दर्शकों ने आकर्षक पुरस्कार भी जीते। आयोजन की सफलता में हरीश सोलंकी, पार्षद पुरुषोत्तम मालवीय, पंडित अजय शंकर तिवारी, पंडित अंबिका प्रसाद तिवारी, खुशाल गुप्ता, विजय गिरी गोस्वामी, प्रियांशी गोस्वामी, प्रवीण सनोठिया, पुनीत मालवीय, संदीप रायकवार, विजय कालू यादव, कालू यादव, अनिल गिरी, मुन्नालाल रायकवार, संजय यादव, विपुल नागर, लकी दरबार, अर्पित रायकवार, कमल लोहार, रोहन खींची, भावेश, सुमन नागर, मधु यादव, कुसुम तोमर, संगीता शेरे, ललिता द्रोणावत, लक्ष्मी सिसोदिया, रिया खींची और दिव्यांशी खींची का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शमी को विजय का प्रतीक माना जाता है।

विजयादशमी और शमी का धार्मिक संबंध

महाभारत काल मे पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान शमी के वृक्ष मे अपने अस्त्र शस्त्र छुपाए थे और विजय का वरदान मांगा था





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अन्याय पर न्याय की विजय का पर्व विजयादशमी पूरे देश मे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।अश्विन शुक्ल दशमी तिथि पर रावण के पुतला दहन की परंपरा रही है। रावण दहन उत्सव समितियां द्वारा जगह जगह पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। धार्मिक परंपरानुसार रावण को मारने से पहले भगवान राम शमी के वृक्ष का विधि विधान से पूजन करते हैं । हिन्दू धर्म मे शमी का विशेष महत्व है। शमी को विजय का प्रतीक माना जाता है। महाभारत काल मे पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान शमी के वृक्ष मे अपने अस्त्र शस्त्र छुपाए थे और विजय का वरदान मांगा था। युद्ध मे पाण्डवों द्वारा विजयी होने पर उन्होने शमी के पेड की धार्मिक विधि से पूजन की थी। इसी प्रकार एक अन्य कथानुसार लंका युद्ध हेतु जाने के पूर्व अपने भाई लक्ष्मण के साथ अभिजीत मुहूर्त मे शमी वृक्ष का पूजन व हवन संपन्न किया था और विजयी होने की कामना की थी। अतः शमी को विजय का सूचक माना जाता है। धार्मिक मान्यतानुसार शमी ही समस्त मनोरथों को पूर्ण करनेवाला पवित्र पेड है।

शमी के पत्ते भगवान शिव व गणेशजी को अतिप्रिय हैं। इस वृक्ष मे शनि का वास माना गया है। शनि को प्रसन्न रखने के लिए शनिवार को गोधूलि बेला मे शमी वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक प्रज्जवलित करने से शनिदेव की कृपा बनी रहती है। शमी के वृक्ष को सुबह जल अर्पित करने से घर मे सुख, समृद्धि बनी रहती है और शांति कायम होती है। घर मे शमी का वृक्ष दक्षिण दिशा मे लगाने का वास्तु नियम है। इससे घर मे रोग शोक नही आते और सुख, समृद्धि बनी रहती है। घर मे शमी की उपस्थिति से नकारात्मक शक्तियों तंत्र मंत्र ,जादू टोना आदि का प्रभाव निष्क्रिय हो जाता है।

शहर मे दो प्राचीन शमी वृक्ष

शमी को खेजड़ी या खेजडो भी कहते हैं। इसका साइंटिफिक नाम प्रोसोपिस सिनेरेरिया है जो शुष्क जलवायु मे अच्छे से वृद्धि करता है। इसको बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है अतः रेगिस्तान मे भी अच्छे से पनपता है। इसकी पत्तियां आकार मे छोटी व बहुत सुन्दर होती हैं। हमारे शहर मे शमी के दो काफी पुराने वृक्ष हैं। एक प्राचीन शमी वृक्ष बहादुरगंज मे है जिसकी पूजन भगवान राम हर वर्ष दशहरे पर करते हुए ही दशहरा मैदान प्रस्थित होते हैं। दूसरा शमी का बहुत बडा पेड गढकालिका माता मंदिर के पास स्थिरमन गणेश मंदिर के प्रांगण मे है। इस वृक्ष की पूजन भी दशहरे पर श्रद्धालु करते हैं। मनोकामना पूर्ण करनेवाले शुभ शमी वृक्ष की पूजन करने दूर दूर से लोग स्थिरमन गणेश मंदिर पहुंचते हैं और वृक्ष पर मौली धागा बांधते हैं।

गौशाला में खिलाया चारा, 150 श्रावक, श्राविकाओं ने किया सामूहिक जाप



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नमकमंडी में साधु श्रेष्ठ, पंडित रत्न पारस मुनि म.सा. के पावन सानिध्य में महावीर भवन, नमकमंडी में जंगम युग प्रधानाचार्य धर्मदास म.सा. का 367वां दीक्षा दिवस मनाया गया। इसके साथ ही पूज्य विनोद मुनि म.सा. के तरुणाचार्य पदारोहण पर श्री संघ द्वारा गुणानुवाद किया गया। इस अवसर पर 150 श्रावक-श्राविकाओं ने सामूहिक रूप से णमुत्थुणं के जाप किए।

कार्यक्रम में आचार्य धर्मदास म.सा. एवं तरुणाचार्य विनोद मुनि म.सा. के जीवन पर साधु श्रेष्ठ पारस मुनि म.सा., तरुणाचार्य प.पूज्य विनोद मुनि म.सा., पूज्य विश्वास मुनि म.सा., पूज्य विदित मुनि म.सा., महासती ख्याति श्री म.सा. एवं श्री संघ के संरक्षक चंद्रप्रकाश गादिया, वरिष्ठ श्रावक महेंद्र सेठिया, संजय बापना, दुर्ग के सपन कांकरिया, ताराबाई चोरड़िया और महामंत्री वरुण श्रीमाल ने गुणानुवाद किया। इस धार्मिक आयोजन के उपलक्ष्य में इंदौर रोड स्थित नृत्य गोपाल दास गौशाला में एक गाड़ी चारा गायों को खिलाया गया। कार्यक्रम के पश्चात श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवं श्री मोहनबाई अभय कुमार सेठिया ट्रस्ट की ओर से प्रभावना वितरित की गई। बाहर से पधारे सभी महानुभावों के आतिथ्य सत्कार की व्यवस्था नमकमंडी स्थित अतिथि भवन में की गई। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अनिल भटेवरा ने किया।

250 रुपए चुकाकर भी 500 मीटर पैदल चलने को मजबूर भक्त

सावन की बैरिकेडिंग स्थायी होने से बढ़ी परेशानी, करोड़ों से बना विक्रमादित्य मंदिर भी हुआ कैद, ई-कार्ट सुविधा भी बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री महाकालेश्वर मंदिर में शीघ्र दर्शन के नाम पर अव्यवस्थाओं का आलम है। मंदिर प्रशासन की अनदेखी के कारण 250 रुपए का शुल्क चुकाने वाले भक्तों, खासकर बुजुर्गों और लाचारों को 500 मीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है। सावन और नागपंचमी के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए की गई बैरिकेडिंग को अब स्थायी कर दिया गया है, जिससे दर्शनार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

हालात यह हैं कि हरसिद्धि से चारधाम मार्ग स्थित वैकुंठ धाम के बाहर जूता-चप्पल और मोबाइल लॉकर बनाए गए हैं। यहां रसीद कटवाने के बाद भक्तों को बैरिकेडिंग के बीच से 250 मीटर पैदल चलकर मंदिर जाना पड़ता है और दर्शन के बाद अपना सामान लेने वापस 250 मीटर पैदल आना पड़ता है। पूर्व में हरसिद्धि चौराहे से सीनियर सिटीजन और 250 रुपए की रसीद वालों के लिए ई-कार्ट वाहन की सुविधा थी, जिसे अब बंद कर दिया गया है। 80 फीट चौड़े हरसिद्धि-बड़े गणेश मार्ग पर अनावश्यक बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं।

अव्यवस्थाओं का असर केवल शीघ्र दर्शनार्थियों पर ही नहीं है। सामान्य दर्शन करने वालों को भी महाकाल लोक और त्रिवेणी संग्रहालय के सामने से प्रवेश देकर लगभग 900 मीटर पैदल चलाया जा रहा है। जिन श्रद्धालुओं को केवल भगवान महाकाल के दर्शन करने हैं, उन्हें भी मजबूरी में महाकाल लोक का लंबा भ्रमण करना पड़ रहा है। मंदिर प्रशासन की इस व्यवस्था ने उज्जैन के गौरवशाली इतिहास को भी पीछे छोड़ दिया है। हरसिद्धि चौराहे से बड़े गणेश और पुराने अन्न क्षेत्र के बीच की गई बैरिकेडिंग के कारण करोड़ों रुपए की लागत से भव्यता के साथ बनाया गया राजा विक्रमादित्य मंदिर बंदिशों में कैद हो गया है।

सहकारिता का मॉडल समझने गुजरात रवाना हुआ उज्जैन का प्रतिनिधिमंडल

उज्जैन। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल और जिला सहकारी संघ उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार (21 अक्टूबर) को एक विशेष प्रतिनिधिमंडल गुजरात की सफल सहकारी संस्थाओं के अध्ययन के लिए रवाना हुआ। भरतपुरी स्थित उपायुक्त कार्यालय से संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ और उज्जैन दुग्ध संघ के क्षेत्रीय प्रबंधक ने सप्तरंगी सहकारी ध्वज दिखाकर दल को गुजरात के लिए रवाना किया।

यह अध्ययन दौरा जिला सहकारी संघ के प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल में उज्जैन दुग्ध सहकारी संघ की संस्थाओं के अध्यक्ष, संचालक, सुपरवाइजर और समिति प्रबंधक शामिल हैं।

बग्गी में निकली राम लक्ष्मण की सवारी, कृपालु हनुमान मंदिर परिसर में दशहरा उत्सव



पार्श्वनाथ सिटी में हुआ 51 फीट के रावण का दहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी के कृपालु हनुमान मंदिर परिसर में कॉलोनी के 400 से अधिक परिवारों ने उत्साह के साथ दशहरा उत्सव मनाया। कृपालु हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा जन सहयोग से 51 फीट के रावण का निर्माण करवाया गया था। रावण दहन कार्यक्रम में विक्रम विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम से पूर्व गेट नंबर 1 से बग्गी में राम लक्ष्मण की सवारी निकाली गई, जिसमें कॉलोनी के महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। डीजे की धुन पर निकली इस शोभायात्रा में हनुमान और जामवंत का रूप धरे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि सभी नागरिकों का एकत्रित होकर रावण दहन करना एक अच्छी परंपरा की शुरूआत है। हमें धर्म और संस्कृति की रक्षा करते हुए असत्य पर सत्य की विजय जैसे सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखना है।

रावण दहन से पूर्व राजेश सिंह कुशवाह, डॉ. रश्मि शर्मा, ईश्वर पटेल और अंजना तिवारी ने राम लक्ष्मण का तिलक कर आरती उतारी। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सर्किट ने किया। इस अवसर पर वात्सल्य सिसोदिया, प्रवीण सिंह झाला, ज्ञानसिंह गौतम, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, मनोहर शर्मा, विजय बंबोरिया, अमित शर्मा, राघवेंद्र उपाध्याय, नवतेज सिंह ठाकुर, मनोहर अंजना, धर्मेंद्र वाधवानी, देवाशीष राठौर, भरत चंदन, संजय ज्ञानी, हरिशंकर शर्मा, डॉ. राजेंद्र उपलावदिया, मनोज तिवारी, आलोक शर्मा, आर.एस. राठौर और कुलदीप पवार सहित कॉलोनी के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

300 समाजसेवियों ने भस्म आरती में लिया हिस्सा, फूलों व आकर्षक रोशनी से सजा मंदिर

दशहरे पर सिंधी समाज ने बाबा महाकाल को लगाया छप्पन भोग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सकल सिंधी समाज द्वारा दशहरे के अवसर पर मुख्य समाजसेवी महेश परियानी के नेतृत्व में बाबा महाकाल को छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान समाज के 300 लोगों ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया।

लोकेश आडवाणी और वेद आडवाणी ने बताया कि नौ दिवसीय नवरात्रि आराधना के बाद हर साल की तरह इस वर्ष भी दशहरे पर बाबा महाकाल को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर को सुगंधित फूलों से और शिखर को आकर्षक रोशनी से सजाकर ध्वज चढ़ाया गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि भस्म आरती में विशेष रूप से महेश परियानी, नरेश शर्मा, अजय रोहड़ा, कपिल बाशानी, ललित लुल्ला, दौलत खेमचंदानी, दीपक बेलानी, सुशीला परियानी, भाविका परियानी और दिशा परियानी सहित समाज के कई भक्त मौजूद थे। दर्शनार्थियों को प्रसादी का वितरण किया गया। अंत में बाबा महाकाल के जयकारों के साथ समाजजनों ने शहर, प्रदेश और देश में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

उज्जैन
गुरुवार
22
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम्।
अहार्यत्वादनर्घ्यत्वादक्षयत्वाच्च सर्वदा।।
अर्थः ज्ञान का सार सभी पदार्थों में सबसे अच्छा है, क्योंकि इसे किसी के द्वारा पराजित नहीं किया जा सकता है; इसका मूल्य नहीं लिया जा सकता, और यह कभी नष्ट नहीं होगा।

खबर एक नजर...

डीएवीवी में अनोखा प्रयोग, नए स्टूडेंट्स के गार्जियन बडी बनेंगे स्थानीय छात्र

इंदौर। दूसरे शहर से पढ़ने आए स्टूडेंट्स को अब कॉलेज में अकेलापन महसूस न हो और उन्हें नए माहौल में घुलने-मिलने में परेशानी न आए, इसके लिए देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) ने नई पहल शुरू की है। संस्थान ने गार्जियन बडी स्कीम (जीबीएस) की शुरूआत की है। इसके तहत शहर के स्थानीय स्टूडेंट्स बाहर से आकर हॉस्टल में रहने वाले नए स्टूडेंट्स के मार्गदर्शक बनेंगे। स्कीम के तहत स्थानीय स्टूडेंट हॉस्टल में रहने वाले तीन स्टूडेंट की मदद करेंगे। स्थानीय और हॉस्टल के स्टूडेंट्स समान जेंडर और समान वर्ष के होंगे। इसका उद्देश्य नए स्टूडेंट्स को पढ़ाई, कॉलेज की संस्कृति और सामाजिक माहौल समझने में मदद देना है, ताकि उन्हें नए शहर और संस्थान में अपनापन महसूस हो सके। डीएवीवी की इस पहल के तहत गार्जियन बडी अपने साथ जोड़े गए स्टूडेंट्स को एकेडमिक मार्गदर्शन देने के साथ कैंपस और स्थानीय वातावरण से परिचित कराएंगे।

एक्टिवा सीज़िंग के नाम पर युवक से लूट, द्वारकापुरी में युवक से चेन

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में लूट की दो घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना में एक्टिवा की किश्त नहीं भरने की बात कहकर चार बदमाशों ने बंटी राठौर को रोका और मारपीट कर उसकी चेन, नकदी और एक्टिवा छीन ली। दूसरी घटना में दिग्विजय नगर मल्टी के पास 16 साल के नाबालिग हिमांशु मूलचंदानी को चाकू मारकर उसका मोबाइल लूट लिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। द्वारकापुरी पुलिस ने गुरुशंकर नगर निवासी बंटी राठौर की शिकायत पर मंगलवार को एफआईआर दर्ज की। बंटी ने बताया कि वह मजदूर चौराहे से अपनी एक्टिवा से घर जा रहा था। चौराहे के पास एक युवक ने उसे हाथ देकर रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने गाड़ी नहीं रोकी। ब्रिज के पास दो बाइक पर सवार चार युवक उसके पास पहुंचे और उसे गाड़ी समेत रोक लिया। इनमें से एक युवक ने कहा कि उसने एक्टिवा की किश्त नहीं भरी है। इसी दौरान तीन अन्य युवक उसे घेरकर खड़े हो गए। आरोपियों ने बंटी के साथ मारपीट की और उसके गले से चेन, जेब में रखी नकदी और एक्टिवा छीनकर ले गए।

नाबालिग के पैर में चाकू मारकर मोबाइल लूटा

इंदौर। द्वारकापुरी के दिग्विजय नगर मल्टी के पास मंगलवार रात 16 वर्षीय हिमांशु मूलचंदानी के साथ लूट हुई। बदमाशों ने उसके पैर पर चाकू मारा और मोबाइल लेकर फरार हो गए। रात में हिमांशु एफआईआर दर्ज कराने द्वारकापुरी थाने पहुंचा, लेकिन उसे बिना सुनवाई के राजेंद्र नगर थाने भेज दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो घटनास्थल द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में मिला। इसके बाद रात 1 बजे द्वारकापुरी पुलिस ने हिमांशु का मेडिकल कराया और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

इंदौर में 25.40 लाख की ड्रग्स के साथ ससुर-दामाद गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर के पास से ससुर-दामाद को 254 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की अनुमानित कीमत 25 लाख 40 हजार रुपए बताई गई है। दोनों आरोपी मंदसौर से इंदौर में ड्रग्स सप्लाई करने आए थे। शुरूआती पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी राजस्थान के सीमावर्ती इलाके से ड्रग्स लेकर आए थे। वे इंदौर में किसे डिलीवरी देने वाले थे, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सुपर कॉरिडोर पर बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने मौके पर बाइक सवार दो लोगों को रोका और तलाशी ली। उनके पास से 254 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। आरोपियों की पहचान समीर खान निवासी पिपलिया मंडी, मंदसौर और उसके ससुर जाकिर हुसैन निवासी सीतामऊ के रूप में हुई है।

20 फीट ऊंचे बिजली के पोल से गिरा आउटसोर्स कर्मचारी,मौत

इंदौर। इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में बिजली की लाइन सुधारते समय 20 फीट ऊंचे पोल से गिरकर आउटसोर्स कर्मचारी की मौत हो गई। हादसा मंगलवार दोपहर बड़ी ग्वालटोली इलाके में हुआ। गंभीर हालत में साथी कर्मचारी उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां मंगलवार रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पलासिया पुलिस के मुताबिक, बड़ी ग्वालटोली में बिजली सप्लाई नहीं होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद राजेंद्र (पिता अजय राठौर), निवासी पिपलियाहाना, अपने साथी कर्मचारियों के साथ लाइन सुधारने पहुंचा था। काम के दौरान वह अचानक पोल से नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि राजेंद्र क्यूस कॉरपोरेट कंपनी में कार्यरत था। यह कंपनी बिजली विभाग में ठेके पर काम करती है।

कांग्रेस के आरोपों और चुनाव आयोग पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब देने की तैयारी, 1 नवंबर को पदयात्रा

लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान 23 अक्टूबर से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों के जवाब में भाजपा लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाएगी।

23 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पदयात्रा, प्रबुद्धजन गोष्ठी, युवा संवाद और छात्रों की प्रतिस्पर्धा सहित कई कार्यक्रम होंगे। भाजपा का कहना है कि इन कार्यक्रमों के जरिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन की ओर से चुनाव आयोग तथा एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर फैलाए जा रहे कथित भ्रम का जवाब जनता तक पहुंचाया जाएगा।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी के बयानों से संवैधानिक संस्थाओं के प्रति लोगों का विश्वास कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

पार्टी का आरोप है कि विपक्ष अपने राजनीतिक हितों के लिए राष्ट्रहित को दांव पर लगा रहा है। इसी के विरोध में यह अभियान चलाया जाएगा। बुधवार रात अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, जिसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित पार्टी के कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए।



सुमित मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत 1 नवंबर को लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ पदयात्रा निकाली जाएगी। हालांकि, अभी इसका रूट और शुरूआत का स्थान तय नहीं हुआ है। इसके अलावा प्रबुद्धजनों की गोष्ठी, युवा संवाद, छात्रों की प्रतिस्पर्धा और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ संवाद जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पार्टी इन गतिविधियों के जरिए अपने पक्ष को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है।

पदयात्रा टोली: विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, स्वप्निल कोठारी और अक्षय कांति बम।

राष्ट्र चिंतन संवाद टोली: सांसद शंकर लालवानी, कमल बाघेला, घनश्याम शेर, विजय मालानी, संदीप जोशी और विशाल गिदवानी।

भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहती हैं विदेशी ताकतें

बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि श्रीलंका, फ्रांस, बांग्लादेश और नेपाल सहित कई देशों में अशांति का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विदेशी ताकतें भारत को आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहतीं और देश के विकास को रोकने का प्रयास कर रही हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा की लड़ाई केवल किसी एक संस्था या दल से नहीं, बल्कि उन ताकतों से है जो भारत की प्रगति में बाधा डालना चाहती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के जरिए विपक्ष के कथित षड्यंत्र को जनता के सामने रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है और पार्टी राष्ट्रवाद की विचारधारा के साथ काम करती है।

अभियान के लिए बनाई अलग-अलग टोलियां- नगर स्तरीय टोली: संयोजक सुधीर कोल्हे, सह संयोजक महेश कुकरेजा, कैलाश पीपले, हरप्रीत सिंह बक्शी, मुकेश मंगल, नेहा शर्मा और दीपक बागवान।

धोखे से पावर ऑफ अटॉर्नी और रजिस्ट्री के आरोप, पत्नी का कंपनी से कनेक्शन

150 करोड़ रुपये की जमीन की रजिस्ट्री करोड़पति हेड कॉन्स्टेबल गवाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लोकायुक्त की जांच में 64 करोड़ रुपए से अधिक की 48 संपत्तियों के सामने आने के बाद इंदौर पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल (ड्राइवर) फिरोज खान चर्चा में है।

उनका नाम अब इंदौर-उज्जैन हाईवे पर मगरखेड़ा गांव की 45 बीघा जमीन की रजिस्ट्री में भी दर्ज है। रजिस्ट्री के दस्तावेजों में फिरोज खान गवाह हैं।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि 83 साल की कस्तूरी बाई के कथित में भर्ती रहने के दौरान धोखे से रजिस्ट्री कराई गई। रजिस्ट्री के चार दिन बाद ही वृद्धा की मौत हो गई। परिवार ने नामांतरण निरस्त कराने के बाद अब रजिस्ट्री को शून्य घोषित कराने के लिए अदालत में याचिका दायर की है। स्थानीय जानकारों और परिवार के मुताबिक, जमीन का बाजार मूल्य करीब 150 करोड़ रुपए है, जबकि रजिस्ट्री में बिक्री मूल्य 9 करोड़ रुपए दर्ज है।



27 अगस्त को रजिस्ट्री, 2 सितंबर को वृद्धा की मौत- इंदौर-उज्जैन रोड स्थित मगरखेड़ा गांव में 45 बीघा जमीन कस्तूरी बाई के नाम दर्ज थी। उनके पोते दीपक शर्मा के मुताबिक, यह उनकी पुश्तैनी संपत्ति है। दीपक का आरोप है कि कस्तूरी बाई की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रतलाम से इंदौर मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार के मुताबिक, फिरोज खान, उनके भाई जावेद खान और रविकांत पंवार उन्हें अस्पताल ले गए थे। परिजनों का दावा है कि कथित में दस्तावेज ले जाने का विरोध करने पर विवाद भी हुआ। पावर ऑफ अटॉर्नी के बाद जमीन की रजिस्ट्री हुई। चार दिन बाद अस्पताल में ही कस्तूरी बाई का निधन हो गया।

रजिस्ट्री में फिरोज खान गवाह, पत्नी का कंपनी से संबंध- रजिस्ट्री के पेज 12 और 25 पर फिरोज खान का नाम, पता, फोटो और हस्ताक्षर गवाह के रूप में दर्ज हैं। यानी इस सौदे में उनकी मौजूदगी रजिस्ट्री के दस्तावेजों से भी सामने आती है। पावर ऑफ अटॉर्नी धारक रविकांत पंवार के बेटे युवराज पंवार 'स्पार्कवेव रियलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' में डायरेक्टर हैं। स्पार्कवेव वह कंपनी है, जिसका नाम लोकायुक्त की कार्रवाई में दस जमीनों की खरीद फरोख्त में सामने आया है। इसी कंपनी में फिरोज खान की पत्नी हिना खान भी डायरेक्टर है। इन कारोबारी संबंधों के कारण जमीन के सौदे में फिरोज खान की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

रजिस्ट्री में 9 करोड़ का मूल्य, बाजार कीमत 150 करोड़ होने का दावा

- इंदौर-1 उप पंजीयक कार्यालय के दस्तावेजों के मुताबिक, 27 अगस्त 2024 को मगरखेड़ा की 45 बीघा जमीन 'श्याम इंफ्रा' के सुमित जिंदल के नाम रजिस्टर्ड हुई। विक्रेता की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी धारक रविकांत पंवार ने हस्ताक्षर किए।
- दस्तावेजों में जमीन का सरकारी मूल्यांकन 8.97 करोड़ और बिक्री मूल्य 9 करोड़ रुपए दर्ज है। पीड़ित परिवार और स्थानीय जानकारों का दावा है कि जमीन की मौजूदा बाजार कीमत करीब 150 करोड़ रुपए है।

प्रतिभाशाली विद्यार्थी योजना का सच, 18 साल में 5 बार नियम बदले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सरकार ने 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार दिए हैं, लेकिन आज की पढ़ाई के हिसाब से यह रकम कई परिवारों के लिए नाकाफी साबित हो रही है। किसी ने नया लैपटॉप खरीदने के लिए 10-25 हजार और जोड़े, तो किसी ने सेकंड हैंड से काम चलाया।

बीटेक की पढ़ाई के लिए एक परिवार को 78 हजार का लैपटॉप खरीदना पड़ा। प्रोग्रामिंग और तकनीकी पढ़ाई में जरूरत के मुताबिक लैपटॉप की कीमत 60-80 हजार तक पहुंच रही है। इस साल प्रदेश के 1.22 लाख विद्यार्थियों के खातों में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 304.98 करोड़ ट्रांसफर किए गए। 2009 में शुरू हुई योजना में प्रति विद्यार्थी सहायता राशि आज भी 25 हजार है, जबकि लैपटॉप की कीमत और तकनीक का इस्तेमाल बदल चुका है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना 2009 में शुरू हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2026 में करीब 1.22 लाख विद्यार्थियों को 304.98 करोड़, 2025 में 94,234 विद्यार्थियों को 235.58 करोड़ और 2023-24 में 89,710 विद्यार्थियों को 224.27 करोड़ मिले। सरकार का कुल खर्च बढ़ने के बावजूद एक विद्यार्थी के हिस्से में आने वाली रकम नहीं बदली।

तकनीकी पढ़ाई के लिए ज्यादा खर्च- ब्लू जोन कंप्यूटर के प्रदीप सिंह तंवर के मुताबिक, 8जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज वाला लैपटॉप 40-50 हजार की रेंज में मिलेगा। 16जीबी रैम और 512जीबी स्टोरेज वाले मॉडल ?60 हजार से ऊपर हैं। कुछ मॉडल 90-95 हजार की रेंज में भी उपलब्ध हैं, पुराना लैपटॉप 25 हजार में मिल सकता है। देवास के विक्रेता गणेश विजयवर्गीय के मुताबिक, 25 हजार में सामान्य लैपटॉप मिल सकते हैं, पर प्रोग्रामिंग के लिए ज्यादा क्षमता वाली मशीन चाहिए।

नशे पर सियासत तेज, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने युवाओं को चेताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में नशे का बढ़ता कारोबार अब राजनीतिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद नशे के सौदागरों पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पा रही है। दूसरी ओर, युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन के मंचों से प्रदेश के मंत्री और कांग्रेस के पूर्व मंत्री ने नशे को सामाजिक बुराई बताते हुए इसके खिलाफ आवाज उठाई। जहां मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बच्चों और युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की, वहीं पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने प्रदेश को ड्रग्स माफियाओं के शिकंजे में घिरा बताया। विजयवर्गीय बोले- नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें युवा मंगलवार को विजय नगर में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में नशे से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है। समाज को नशे जैसी बुराइयों के खिलाफ जागरूक होना होगा। विजयवर्गीय का संदेश साफ था कि नई पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आने से बचाना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

इंदौर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर

पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश से पहले पुलिस ने उठाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर युवाओं का आंदोलन जारी है। 5 अक्टूबर से प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने अपने आंदोलन को जेन जेड प्रोस्टेड 2.0 नाम दिया है।

19 अक्टूबर को भंवरकुआं चौराहे पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश से पहले पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। युवाओं का दावा है कि उन्हें करीब 24 घंटे तक नजरबंद रखा गया। रिहा होने के बाद उन्होंने आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

प्रदर्शन से पहले सोशल मीडिया के जरिए युवाओं से जुटने की अपील की गई थी। प्रदर्शन के दौरान युवाओं के



हाथों में संविधान और महात्मा गांधी की तस्वीरें थीं। वहीं, अलग-अलग संदेश लिखी तख्तियों के जरिए उन्होंने अपनी मांगें रखीं।

50-60 पुलिसकर्मियों ने हटाया, युवाओं का दावा

प्रदर्शनकारी योगित गुप्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को वे अपने 10 साथियों के साथ भंवरकुआं चौराहे पर पहुंचे थे। उनके हाथों में पेट्रोल से भरी बोतलें थीं और वे आत्मदाह करने जा रहे थे। इसी दौरान करीब 50 से 60 पुलिसकर्मियों ने उन्हें बलपूर्वक वहां से हटा दिया। इसके बाद युवाओं को करीब 24 घंटे तक नजरबंद रखने का दावा किया गया। योगित ने कहा कि पुलिस ने उन्हें आत्मदाह करने से रोक दिया, लेकिन वे अपनी मांग को लेकर आंदोलन जारी रखेंगे। युवाओं का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई से उनका आंदोलन खत्म नहीं होगा और वे आगे भी प्रदर्शन करेंगे।

मारपीट के आरोप पर रिटायर्ड टीचर बोलीं-बच्चियों ने उठाए थे पैसे, परिजन बोले- वे अभी तक डरी हैं

लाखों का फ्लैट है, 2 हजार रुपये के लिए क्यों मारूंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में कन्या भोज के लिए गईं सात बच्चियों के साथ मारपीट और उन्हें फ्लैट में बंधक रखने के आरोपों के बाद यहां फ्लैट नंबर 303 में रहने वाली 62 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका अनिता मोहता ने बच्चियों के परिजनों के आरोपों को नकारते हुए अपना पक्ष रखा। उनका कहना है कि बच्चियां खुद उनके फ्लैट पर आई थीं। उन्होंने मंदिर में रखे रुपए गायब होने पर बच्चियों से पूछताछ की थी, लेकिन मारपीट नहीं की और खुद उन्हें नीचे छोड़ने गई थीं।

दूसरी ओर, बच्चियों के परिजनों का आरोप है कि कन्या भोज, गिफ्ट और चॉकलेट देने के बहाने बच्चियों को फ्लैट में ले जाया गया। वहां उनके साथ मारपीट की गई और करीब चार घंटे तक उन्हें बाहर नहीं आने दिया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि बच्चियों से जबरदस्ती वीडियो बनवाकर कहलवाया गया कि उन्होंने पैसे उठाए थे। मामले में परिजन एमआईजी थाने पहुंचे। पुलिस





ने बच्चियों के बयान दर्ज किए हैं और रिटायर्ड शिक्षिका के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दोपहर 12 बजे रेसीडेंसी पहुंची थीं बच्चियां- रेसीडेंसी के रहवासियों और सुरक्षाकर्मियों के मुताबिक, बच्चियां दोपहर करीब 12 बजे सोसायटी में आई थीं। वे अलग-अलग फ्लैटों में कन्या पूजन के लिए गई थीं, जहां उन्हें रुपए और गिफ्ट दिए गए। रहवासियों का कहना है कि बच्चियां हर साल यहां कन्या पूजन के लिए आती हैं। उनके परिवार के कुछ सदस्य सोसायटी में काम करने भी आते हैं।

परिजनों का आरोप: बच्चियां घर नहीं लौटीं तो तलाशने पहुंचे- बच्चियों के परिजनों के मुताबिक, बच्चियां कन्या भोज के लिए निकली थीं। शिक्षिका ने उन्हें भोजन, गिफ्ट और चॉकलेट देने की बात कही थी। जब बच्चियां काफी देर तक घर नहीं लौटीं तो परिवार के लोग उन्हें तलाशते हुए शहनाई रेसीडेंसी पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि बच्चियां एक फ्लैट में बंद थीं और वहां से रोते हुए नीचे आईं। उन्होंने बच्चियों के साथ मारपीट करने और जबरदस्ती वीडियो बनवाकर उनसे पैसे उठाने की बात कहलवाने का आरोप भी लगाया। परिजनों का कहना है कि यदि शिक्षिका को बच्चियों पर पैसे लेने का शक था, तो उन्हें परिवार से संपर्क करना चाहिए था। परिजनों के मुताबिक, बच्चियां घटना के बाद से डरी हुई हैं और रातभर सो नहीं पाईं। परिवार ने शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शिक्षिका का पक्षः बच्चियों ने खुद पैसे लेने की बात मानी

रिटायर्ड शिक्षिका अनिता मोहता ने बताया कि बच्चियां उनके बुलाने पर नहीं, बल्कि खुद उनके फ्लैट पर आई थीं। उनके मुताबिक, बच्चियों ने प्रसाद और खाना मांगा तो उन्होंने उन्हें अंदर बैठाया और दाल-चावल बनाने लगीं। अनिता का कहना है कि इसी दौरान बच्चियों ने बताया कि वे फ्लैट नंबर 703 से आ रही हैं, जहां उन्हें बुलाया गया है। इसके बाद उन्होंने मंदिर में रखे रुपए और लिफाफे गायब देखे। उनके मुताबिक, बच्चियां करीब पौने चार बजे वापस आईं तो उन्होंने पैसे के बारे में पूछा। इस पर बच्चियों ने एक बच्ची की ओर इशारा किया। पूछने पर उस बच्ची ने पैसे लेने की बात कही और किसी को नहीं बताने के लिए कहा। शिक्षिका ने मारपीट और बंधक बनाने के आरोपों को गलत बताया। उनका कहना है कि बच्चियां उनके यहां चार घंटे तक नहीं रुकीं और वे खुद उन्हें नीचे छोड़ने गई थीं। उन्होंने बताया कि वह हर एकादशी पर खाटू श्याम जाती हैं और यात्रा की टिकट भी कराई थी, लेकिन बाद में रद्द कर दी।

खबर एक नजर...

झांकी देखकर लौट रहे युवकों पर चाकू से हमला:एक साल पुरानी रंजिश आई सामने

गुना। गुना में झांकी देखकर घर लौट रहे दो युवकों पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को इंदौर से हिरासत में लिया है। रविवार रात सिसोदिया कॉलोनी में 8 से 10 युवकों ने बाइक सवार नितिन रजक और उसके साथी राहुल को घेरकर हमला किया था। प्रारंभिक पूछताछ में हमले की वजह एक साल पुरानी रंजिश बताई जा रही है। नितिन के मुताबिक, रविवार रात करीब 11:30 बजे वह राहुल के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान पूर्व मंत्री की कोठी के पास से पीछा कर रहे युवकों ने उन्हें घेर लिया। टेलीफोन एक्सचेंज के पास आरोपियों ने दोनों पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में नितिन की कमर और हाथ में चोट आई, जबकि राहुल भी घायल हो गया। डायल 112 की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। नितिन की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया था।

कुएं में मिले 3 मासूमों के शव, नाक-कान, होंठ कटे

झाबुआ। झाबुआ के चुई गांव में कुएं से मिले 3 मासूमों के शव और उनके शरीर पर चोटों के निशान ने मामले को उलझा दिया है। परिजन का दावा है कि तीनों बच्चों के नाक-कान और जीभ कटे हुए थे, जबकि होंठों पर भी कटने के निशान थे। इसे लेकर ग्रामीणों ने नरबलि की आशंका जताई है। परिजन ने हत्या की साजिश की आशंका के साथ सीबीआई जांच की मांग की है। हालांकि, इन आशंकाओं की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के नतीजों का इंतजार कर रही है। विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि संदेह दूर करने के लिए जरूरी नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे। साथ ही, कुएं में किसी जानवर की मौजूदगी की आशंका दूर करने के लिए उसे खाली कराकर जांचने के निर्देश दिए गए हैं।

रीवा में दक्षिणा विवाद में घिरे भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति

रीवा। रीवा के मनगवां विधानसभा सीट से भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति पर नवरात्रि के दौरान मुंबा देवी मंदिर में पूजा कराने वाले पुजारी अखिलेश पांडे ने दक्षिणा को लेकर आरोप लगाए हैं। पुजारी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने पूजा के लिए 11,000 तय होने के बावजूद केवल 500 दिए जाने की बात कही है। वहीं, विधायक नरेंद्र प्रजापति की ओर से इन आरोपों को निराधार बताया गया है। मामले में मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित संजीव उर्मालिया और विष्णु देव कुशवाहा ने भी विधायक का पक्ष रखते हुए आरोपों को गलत बताया है। पुजारी अखिलेश पांडे के अनुसार, पूजा कराने के लिए 11,000 की राशि तय हुई थी। उनका आरोप है कि पूजा संपन्न होने के बाद उन्हें केवल 500 दिए गए, जबकि दूसरे पुजारी को पूरी राशि मिलने की बात कही गई है। वीडियो सामने आने के बाद इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

ढोल बजाने से मना करने पर दो पक्षों में विवाद, शराब दुकान के बाहर पथराव

शाजापुर। शाजापुर कोतवाली थाने के पास धौबी चौराहे पर स्थित शराब दुकान के बाहर बुधवार देर रात ढोल बजाने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच डंडे चलने के साथ पथराव शुरू हो गया। घटना में दो वाहनों में तोड़फोड़ हुई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोतवाली थाने और एमजी कॉन्वेंट स्कूल से करीब 200 मीटर की दूरी पर हुई इस घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि रात करीब 11:30 से 12 बजे के बीच विवाद शुरू हुआ। पथराव के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और वहां खड़े दो वाहनों को नुकसान पहुंचा। पीड़ित बिट्टू राव ने बताया कि वे ग्राम पनवाड़ी में माता विसर्जन के कार्यक्रम में ढोल बजाने के बाद शाजापुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे शराब दुकान के पास रुके। वहां पहले से मौजूद अमित सिकरवार और उसके साथियों ने उन्हें ढोल बजाने के लिए कहा।

आतिशबाजी से दुर्गा प्रतिमा, दुकान की छत में लगी आग

खंडवा। खंडवा में बुधवार देर रात दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस के दौरान आतिशबाजी से दो बार आग लगने की स्थिति बन गई। पहले बांबे बाजार स्थित आशा मार्केट की दुकान की छत पर जमा कचरे में आग लगी। कुछ देर बाद पटाखों की चिंगारी से दुर्गा प्रतिमा में भी आग लग गई। दोनों घटनाओं में धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, लोगों की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। पहली घटना में आशा मार्केट की दुकान की छत पर जमा कचरे से धुआं उठने लगा। आग फैलने की आशंका से लोग घबरा गए। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। इसके बाद कई लोग अग्निशमन यंत्र लेकर तीसरी मंजिल पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। इससे आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया।

---

24 अक्टूबर से एमपी में नया सिस्टम; अमरकंटक में पारा 16 डिग्री से नीचे

एमपी के 11 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में अक्टूबर के आखिरी सप्ताह भी पानी गिरेगा। 24 अक्टूबर से नए सिस्टम की वजह से उत्तर-पश्चिमी हिस्से में असर दिखेगा। वहीं, अगले 2 दिन इंदौर संभाग में बारिश होगी। नर्मदापुरम में भी असर दिखेगा।

मौसम केंद्र के मुताबिक, गुरुवार को इंदौर, आलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, हरदा, नर्मदापुरम और बैतूल में बारिश का अलर्ट है। यहां 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चलेगी। मंगलवार-बुधवार की रात में 15 जिले- धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा, हरदा, देवास, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़, भोपाल, रायसेन, गुना, सागर, सीहोर और रतलाम में बारिश रिकॉर्ड की गई। सबसे ज्यादा पानी रायसेन के गैरतगंज में सवा इंच गिर गया। वहीं, खंडवा में 1 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। सीहोर में हवा की रफ्तार 37 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। वहीं, गुरुवार दोपहर बाद इंदौर, सीहोर, शाजापुर में तेज बारिश का दौर रहा। भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे। रात में कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई।

इससे पहले साल 2022 में भी दशहरा के दिन तेज बारिश हुई थी। भोपाल में बारिश में भींगने की वजह से रावण का पुतला नहीं जला तो उस पर केरोसिन और पेट्रोल डाला गया था। प्रदेश के अन्य जिलों में भी बारिश की वजह से रावण दहन प्रभावित हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार, आंधी-बारिश के साथ ही प्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बीती रात अनूपपुर के अमरकंटक में पारा 15.8 डिग्री, रीवा में 16 डिग्री, पचमढ़ी में 16.6 डिग्री, मंदसौर में 16.8 डिग्री और दतिया में 17 डिग्री सेल्सियस रहा।

प्रदेश में अगले चार दिन में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। वहीं, भोपाल, राजगढ़, खरगोन, खंडवा, उज्जैन, खजुराहो, नर्मदापुरम, मंदसौर में दिन का तापमान 34.4 डिग्री से 35.8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही मानसून लौट चुका है। एक ही दिन में पूरे प्रदेश से विदाई हुई, लेकिन सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर अभी भी चल रहा है। पिछले एक सप्ताह से पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के जिलों में आंधी-बारिश का असर देखा गया। पिछले 6 दिन से कई जिलों में तेज बारिश भी हुई। गुरुवार को भी बारिश का अलर्ट है। विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया- पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है।

पुलिस ने 4.25 लाख के 17 गुम मोबाइल तलाशे, थाने बुलाकर लौटाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम के दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने क्षेत्र के लोगों के गुम हुए 17 मोबाइल फोन तलाशकर उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए। बरामद मोबाइल की कुल कीमत करीब 4.25 लाख रुपए है। लंबे समय बाद अपने मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस टीम का आभार जताया। मोबाइल गुम होने के बाद कई लोगों ने उनके वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर डीडी नगर थाने में मालिकों को सौंपे। इस दौरान थाना प्रभारी अनुराग यादव भी मौजूद रहे। मोबाइल तलाशने की कार्रवाई थाना प्रभारी अनुराग यादव के नेतृत्व में की गई। इसमें हेड कॉन्स्टेबल शैलेन्द्र सोलंकी और कॉन्स्टेबल पवन जाट, पवन वर्शी व विमल कुमावत की भूमिका रही। थाना प्रभारी अनुराग यादव ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल या कोई अन्य कीमती सामान गुम होने पर तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। मोबाइल गुम होने की शिकायत उएक्सपोर्टल पर भी ऑनलाइन दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल को ट्रेस कर बरामद करने में मदद मिल सके।



बीटीआर में 3 दिन में 2680 पर्यटक पहुंचे

एक पारी में पहली बार आंकड़ा 500 पार, दशहरा की छुट्टियों में कोर-बफर क्षेत्र में भीड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उमरिया



उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दशहरा की छुट्टियों के दौरान पर्यटन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। 19 से 21 अक्टूबर तक तीन दिनों में कुल 2680 पर्यटकों ने पार्क का भ्रमण किया। इस सीजन में पहली बार 19 अक्टूबर की सुबह की पारी में पर्यटकों की संख्या 500 के पार पहुंचकर 577 दर्ज की गई। इसके बाद 20 अक्टूबर को सुबह 536 और 21 अक्टूबर को 519 पर्यटकों ने सफारी की। त्योहारी छुट्टियों के चलते देशभर से पर्यटकों के बांधवगढ़ पहुंचने का सिलसिला बढ़ा है। तीन दिनों में 530 वाहनों से पर्यटक कोर और बफर क्षेत्र में सफारी के लिए पहुंचे। लगातार बढ़ती संख्या से पर्यटन कारोबार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या का असर कोर के साथ बफर क्षेत्र में भी देखने को मिला। 19 अक्टूबर को बफर क्षेत्र में 177 पर्यटकों ने भ्रमण किया। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने और होटल व्यवसाय को फायदा होने की उम्मीद है। 21 अक्टूबर की शाम साप्ताहिक बंदी के कारण कोर क्षेत्र में सफारी बंद रही, जबकि बफर क्षेत्र में 112 पर्यटकों ने भ्रमण किया।

पर्यटकों को दिखे बाघ, नए बाघों की होगी पहचान

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार, त्योहारी सीजन में पर्यटन बढ़ने से राजस्व में वृद्धि के साथ वन्यजीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता भी बढ़ रही है। इन तीन दिनों में पर्यटकों को बाघों के दीदार भी हुए। इस बार पर्यटन क्षेत्र में कुछ नए बाघ भी दिखाई दिए हैं, जिनकी पहचान की जाएगी।

मास्टर प्लान-आपत्ति दर्ज कराने आज भोपाल आएंगे किसान

ड्राफ्ट से 66 गांवों की खेती पर संकट, जमीन बचाने पदयात्रा निकालेंगे


ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल मास्टर प्लान के नए ड्राफ्ट को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। किसानों का आरोप है कि प्रस्तावित प्लान में 66 गांवों की कृषि भूमि को रिवरफ्रंट, फॉरेस्ट, ग्रीन बेल्ट और अन्य आरक्षित श्रेणियों में शामिल करने से हजारों किसानों की खेती और आजीविका पर असर पड़ सकता है।

बड़ा तालाब के आसपास की कृषि भूमि का भू-उपयोग बदलने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए किसान गुरुवार को मुगालिया छाप से पदयात्रा निकालकर नगर तथा ग्राम निवेश (टीएंडसीपी) के संयुक्त संचालक कार्यालय पहुंचेंगे।

यहां वे लिखित आपत्तियां दर्ज कराएंगे। किसानों की मांग है कि कृषि भूमि का लैंडयूज पहले की तरह कृषि ही रखा जाए और किसी भी बदलाव से पहले संबंधित गांवों में ग्रामसभाएं कराकर किसानों की सहमति ली जाए।

किसान अनोखी सिंह पटेल का कहना है कि बड़ा तालाब के संरक्षण के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि का भू-उपयोग बदला जा रहा है। किसान इन जमीनों पर वर्षों से खेती कर रहे हैं और परिवारों की आजीविका इसी पर निर्भर है। उनका कहना है कि यदि जमीन आरक्षित श्रेणियों में शामिल हो गई, तो खेती और भविष्य में जमीन के उपयोग को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। किसानों के मुताबिक, वर्ष 1995 के मास्टर प्लान में इन जमीनों का लैंडयूज कृषि था। बाद में तैयार किए गए वर्ष 2031 के मास्टर प्लान के ड्राफ्ट में भी कृषि उपयोग का प्रावधान रखा गया था। हालांकि, वह मास्टर प्लान निरस्त हो गया।



किसान भविष्य को लेकर चिंतित

किसानों का आरोप है कि मौजूदा ड्राफ्ट में बड़ा तालाब के आसपास की कृषि भूमि के भू-उपयोग में बदलाव का प्रस्ताव किया गया है। इसी वजह से किसान अपनी जमीन के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। किसान चाहते हैं कि उनकी कृषि भूमि का उपयोग खेती के लिए ही सुरक्षित रखा जाए। अनोखी सिंह पटेल के मुताबिक, किसानों के पास आजीविका का प्रमुख साधन खेती है। इसलिए उन्होंने भोजताल संरक्षण जोन-1 (इके-1) और जोन-2 (इके-2) को हटाने और कृषि भूमि का लैंडयूज कृषि ही रखने की मांग की है।

जीजा के घर में साली की गला रेतकर हत्या:

सांस की नली कटी; पति ने फोन कर कहा- तुम्हारी बेटी को मार दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

मध्यप्रदेश के गुना में बुधवार को एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव कैंट थाना क्षेत्र की बृजबिहार कॉलोनी में जीजा के घर मिला। महिला के गले पर निशान मिले हैं। धारदार हथियार के वार से उसकी सांस की नली कट गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान लक्ष्मी सेन के रूप में हुई है। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। कमरे में खून बिखरा मिला। सिर, चेहरे और कपड़ों पर भी खून लगा था। मायके पक्ष के मुताबिक, लक्ष्मी की हत्या उसके पति राकेश सेन ने सुबह करीब 10 बजे की थी। इसके बाद रात करीब 8 बजे पति ने मायके वालों को फोन किया। उसने कहा- मैंने तुम्हारी बेटी की हत्या कर दी है। तुम लोग मौके पर पहुंच जाओ। फोन आने के बाद परिजन घबरा गए और आरोपी पति के बताए ठिकाने पर पहुंचे। वहां महिला के जीजा के घर में शव मिला। मायके वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रात करीब 8:30 बजे कैंट पुलिस मौके पर पहुंची।

हत्या की सूचना देने के बाद से आरोपी का फोन बंद

मायके वालों ने आरोप लगाया कि लक्ष्मी के पति ने उसकी हत्या की है। हत्या की सूचना देने के बाद से आरोपी ने फोन बंद कर लिया है। राकेश सेन अभी भी फरार है। परिजन ने कहा कि उन्हें हत्या की वजह नहीं पता। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सीएसपी सायफा हाशमी ने बताया कि वारदात की सूचना मिलते ही कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। हत्या की वजह और वारदात में किसकी भूमिका है, इसकी जांच की जा रही है।

मंदसौर मंडी:मूंगफली और प्याज की बंपर आवक, दाम अच्छे मिले



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

तीन दिन की छुट्टियों के बाद बुधवार को मंदसौर कृषि मंडी खुलते ही मूंगफली और प्याज की बंपर आवक दर्ज की गई। मंडी परिसर में मूंगफली की 7,180 बोरी और नए प्याज की 3,165 बोरी आवक हुई। मूंगफली के भाव 5,000 से 7,880 रुपए और प्याज के भाव 1,500 से 3,400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। मंडी में मक्का, सोयाबीन समेत कुल 36,513 बोरी उपज पहुंची। मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अब 24 से 26 अक्टूबर तक चौथे शनिवार, रविवार और वाल्मीकि जयंती के कारण नीलामी फिर बंद रहेगी।

मप्र सरकार को नवंबर के आखिर में मिलेगा 225 करोड़ का नया हाईटेक हेलीकॉप्टर

फ्रांस से समुद्री मार्ग से मुंबई पोर्ट पहुंचेंगे पुर्जे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मप्र सरकार के नए हाईटेक हेलीकॉप्टर की डिलीवरी नवंबर माह के आखिर तक होने की संभावना है। फ्रांस की एयरबस कंपनी से खरीदे जा रहे एसीएच160 हेलीकॉप्टर को लेकर विमानन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि, डिलीवरी की तारीख अभी तय नहीं हुई है। विमानन विभाग के सूत्रों के मुताबिक हेलीकॉप्टर फ्रांस से उड़कर सीधे भारत नहीं आएगा। इसकी दूरी अधिक होने के कारण कंपनी इसे अलग-अलग पुर्जों के रूप में समुद्री मार्ग से मुंबई पोर्ट तक पहुंचाएगी। वहां से पुर्जों को भारत में मौजूद एयरबस की किसी फाइनल असेंबली लाइन भेजा जाएगा।

इनमें वडोदरा, बेंगलुरू या नोएडा को चुना जा सकता है, जहां हेलीकॉप्टर को असेंबल किया जाएगा। इसके बाद तैयार हेलीकॉप्टर को उड़ाकर भोपाल लाया जाएगा। डिलीवरी से पहले कंपनी इसका फ्लाइट टेस्ट करेगी, ताकि सुरक्षा मानकों और तकनीकी प्रदर्शन की जांच की जा सके। नए हेलीकॉप्टर के लिए दो पायलट फ्रांस में प्रशिक्षण ले चुके हैं। राज्य सरकार ने आदर्श राय और संजय श्रीवास्तव को फ्रांस में एसीएच160 उड़ाने का प्रशिक्षण दिलाया है। दोनों पायलट सरकार की ओर से हेलीकॉप्टर की डिलीवरी स्वीकार करने की प्रक्रिया में शामिल होंगे।

9 सीटर होगा... नए हेलीकॉप्टर में 2 क्रू मेंबर के अलावा 9 यात्री बैठेंगे। टेकऑफ भार क्षमता 6050 किलो और स्लिंग लोड 1600 किलो होगा। 2011 में खरीदे ईसी155 बी1 में 6 यात्री और 2 क्रू मेंबर बैठते हैं। इसकी टेकऑफ भार क्षमता 4920 किलो है।

मूल कीमत करीब 125 करोड़, लेकिन टैक्स और इंटीरियर के कारण 225 होगी लागत...

एयरबस एसीएच 160, एयरबस एच160 हेलीकॉप्टर का कॉर्पोरेट और प्राइवेट कैटेगरी की फ्लीट है। इसमें दो इंजन हैं और इसे वीआईपी यात्राओं के लिए विशेष इंटीरियर के साथ तैयार किया जा सकता है। मप्र सरकार ने मुख्यमंत्री की सरकारी यात्राओं और राज्य में वीवीआईपी दौरे से जुड़ी जरूरतों के अनुसार इसका इंटीरियर डिजाइन कराया है।

सरकार से अनुबंध के मुताबिक हेलीकॉप्टर की मूल कीमत करीब 125 करोड़ रुपए है। लेकिन इस पर करीब 35 प्रतिशत टैक्स (आईजीएसटी, आयात शुल्क, डीजीसीए शुल्क आदि) चुकाना पड़ेगा, जो करीब 78.75 करोड़ रुपए बैठता है। इसके अलावा करीब 20 करोड़ रुपए इसके कस्टमाइजेशन, इंटीरियर पर खर्च होने का अनुमान है। इस तरह इसकी कुल लागत 225 करोड़ पहुंच सकती है।

सिवनी-बिनैकी में पुलिया से टकराई बाइक, दो युवक गंभीर घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिवनी

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में बिनैकी गांव के पास बुधवार रात बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, हादसे में मनीष मरावी पिता हरि सिंह मरावी, निवासी वंगदरी और अजय यादव (15), पिता पूनम यादव घायल हुए हैं। दोनों मोटरसाइकिल से जा रहे थे। बिनैकी गांव के पास पहुंचने पर बाइक अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकरा गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाइक अनियंत्रित होने के कारणों और दुर्घटना के समय उसकी गति सहित अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

दलेर मेहंदी को फटकार लगाने वाले मंत्री पर भड़के राजपाल



उत्तराखंड में दलेर मेहंदी के साथ हुए विवाद के बाद अभिनेता राजपाल यादव ने उनका समर्थन किया है। दरअसल उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर दलेर मेहंदी को फटकार लगाई थी। मंत्री ने गायक पर शराब पीने के आरोप लगाया था।

इस पर राजपाल ने वीडियो शेयर कर मंत्री के आचरण पर आपत्ति जताई है। राजपाल ने कहा कि दलेर मेहंदी शराब नहीं पीते और वे इन दिनों स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

दलेर मेहंदी के समर्थन में अनुपम खेर, कपिल शर्मा, बादशाह, मीका सिंह, शान और जैस्मीन भसीन सहित कई हस्तियों ने सार्वजनिक मंच पर किसी कलाकार को नीचा दिखाने की निंदा की है।

राजपाल यादव ने अपने सोशल मीडिया वीडियो में कहा कि एक कला प्रेमी और छात्र होने के नाते वे अपनी बात रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक सम्मानित मंत्री ने मंच पर दलेर मेहंदी जैसे दिग्गज गायक के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, वह उनके पद को शोभा नहीं देता। राजपाल ने कहा कि मंत्री का रवैया ऐसा लगा जैसे उन्होंने कला को ही खरीद लिया हो, जबकि कला को कभी खरीदा नहीं जा सकता। उन्होंने साफ किया कि दलेर पाजी शराब का सेवन नहीं करते हैं और हाल ही में फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग के दौरान भी वे अस्वस्थ चल रहे थे। रियलिटी शो स्टार और अभिनेत्री जैस्मीन भसीन ने भी दलेर मेहंदी का बचाव करते हुए सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। जैस्मीन ने लिखा कि अगर किसी आयोजक या प्रमोटर को कलाकार से कोई परेशानी थी, तो उसे निजी तौर पर बात करनी चाहिए थी।

हमले के 2 दिन बाद शूटिंग पर लौटे टाइगर श्रॉफ

फिल्म 'लग जा गले' के सेट पर पहुंचे एक्टर; कार पर हुई थी फायरिंग

मुंबई के जुहू में कार पर हुई गोलीबारी की घटना के महज दो दिन बाद अभिनेता टाइगर श्रॉफ काम पर वापस लौट आए हैं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, 18 अक्टूबर को हुए हमले के बाद टाइगर ने 20 अक्टूबर से अपनी अपकमिंग फिल्म 'लग जा गले' की शूटिंग दोबारा शुरू कर दी है।

यह एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म है, जिसमें टाइगर पहली बार जाह्नवी कपूर और लक्ष्य के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। घटना के बाद पुलिस जांच जारी है। इसी बीच टाइगर ने अपने वर्क कमिटमेंट को पूरा करते हुए सेट पर वापसी की है।

फिल्म 'लग जा गले' का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन राज मेहता कर रहे हैं, जो इससे पहले 'गुड न्यूज', 'जुग जुग जियो' और 'सेल्फी' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। चर्चा है कि यह फिल्म मई 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है, हालांकि रिलीज डेट को लेकर आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

मंगलवार को टाइगर की नई तस्वीरें भी सामने आईं, जिनमें उनके शरीर पर कोई पट्टी या मेडिकल ड्रेसिंग दिखाई नहीं दी।

18 अक्टूबर को हुई थी फायरिंग

यह बयान 18 अक्टूबर की फायरिंग की घटना के दो दिन बाद आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर उस दिन शाम करीब 7 बजे मुंबई के एक फुटबॉल क्लब से निकल रहे थे। घटना के वीडियो में हमलावर उनकी कार पर पास से फायरिंग करते दिखे थे। टाइगर इस घटना में सुरक्षित बच गए। हालांकि, घटना में उनके ड्राइवर और एक राहगीर घायल हुए थे।

टाइगर से पहले चार बड़े बॉलीवुड सितारों की रेकी हुई

टाइगर पर फायरिंग करने वाले आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने पहले अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान और अक्षय कुमार की रेकी की थी, लेकिन सिक्योरिटी ज्यादा होने के कारण प्लान बदल दिया था। आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था, लेकिन वह हमले से एक रात पहले सिगरेट पीने के बहाने होटल से भाग गया। वहीं टाइगर पर फायरिंग के मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे पहले पुलिस ने फायरिंग के मामले में बिहार के ऋतिक उर्फ रोशन, हरियाणा के रेहान और एक नाबालिग को कोटा से गिरफ्तार किया था। रेहान के दोस्त समीर और बोनी उर्फ रौनक भी पुलिस हिरासत में हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने हथियारों की सप्लाई में भूमिका के आरोप में कुणाल, सुमित, राधा और बबीता को गिरफ्तार किया। राधा और बबीता को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया, जबकि कुणाल और सुमित को सोनीपत से हिरासत में लिया गया। मुंबई पुलिस ने पूछताछ के लिए चारों का तीन दिन का ट्रांजिट रिमांड हासिल किया है।



रामायण के 'रावण तांडव' गाने पर उठे सवाल



नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' के दूसरा गाने 'रावण तांडव' की आलोचना हो रही है। 1 मिनट 55 सेकंड लंबे इस गाने में साउथ एक्टर यश रावण के रूप में भगवान शिव की भक्ति करते नजर आ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है की एआर रहमान का म्यूजिक और डॉ. कुमार विश्वास के लिखे बोल उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। दावा किया गया है कि फिल्म में यह गाना 4 मिनट का है, जिसे प्रोमो वर्शन में 1 मिनट 55 सेकंड का करने के चक्कर में ऑडियो क्वालिटी और ओरिजिनल फ्लो से समझौता करना पड़ा है।

कई लोगों ने इस संगीत को उम्मीद के मुताबिक एनर्जेटिक न बताते हुए दूसरे पार्ट के लिए म्यूजिक कंपोजर बदलने तक का सुझाव दिया है। गाना सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। कुछ यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा कि फिल्म के मिजाज के हिसाब से एआर रहमान का चुनाव सही नहीं था।

लोग इस गाने की तुलना फिल्म 'आदिपुरुष' में अजय-अतुल के बनाए 'शिव तांडव' से कर रहे हैं। क्रिटिक्स का मानना है कि अजय-अतुल का कंपोजिशन आंखें बंद करके सुनने पर भी रोंगटे खड़े कर देता है, जबकि रहमान और हंस जिमर का यह ट्रैक वह इमोशनल इम्पैक्ट नहीं छोड़ पाता। वहीं कुछ लोगों ने मेकर्स को सलाह दी कि अभी समय है और 'रामायण' के दूसरे भाग के लिए संगीतकार की जोड़ी अजय-अतुल को जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। म्यूजिक के अलावा डॉ. कुमार विश्वास के लिखे लिरिक्स की भी आलोचना की गई है। लोगों का मानना है कुमार विश्वास के बोल काफी साधारण महसूस होते हैं। रामायण जैसे पौराणिक महाकाव्य के लिए बने गाने में जिस तरह की शिव भक्ति, दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा होनी चाहिए थी, उसकी कमी महसूस होती है।

जेलर 2 ने 6 दिनों में कमाए 500 करोड़ रुपए




रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 ने रिलीज के 6 दिनों में दुनिया भर में 500 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया।

जिसके बाद यह फिल्म 2026 की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। इसके आगे अब धुरंधर 2 और दृश्यम 3 हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने छठे दिन भारत में 45.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। इस दिन तमिल वर्जन से 32.10 करोड़, तेलुगु से 8.85 करोड़, हिंदी से 5.25 करोड़ और कन्नड़ वर्जन से 60 लाख रुपए की कमाई हुई।

इसके साथ ही फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 289.05 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 338.45 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, विदेशों में छठे दिन फिल्म ने 10 करोड़ रुपए कमाए। इससे इसका कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 204 करोड़ रुपए हो गया। फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन अब 542.45 करोड़ रुपए पहुंच गया है। जेलर 2 और दृश्यम 3 के बीच का अंतर अब बहुत कम रह गया है। जेलर 2 बुधवार को 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में दूसरे नंबर पर पहुंच सकती है। अजय देवगन की दृश्यम 3 556.22 करोड़ रुपए की दुनियाभर की कमाई के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, नंबर 1 पर रणवीर सिंह की धुरंधर 2 1,813.39 करोड़ रुपए की दुनियाभर की कमाई के साथ पहले नंबर पर है। रजनीकांत ने दुनियाभर में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करने वाली अब 4 फिल्में दे दी हैं। इसके साथ ही वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले तमिल फिल्म इंडस्ट्री के इकलौते एक्टर बन गए हैं।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है ??

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक, ऊंचाई-2
6. नलका, टूटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

ऊपर से नीचे

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण-3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

माथा पच्ची

50		22		63		20	=	29
	■		■		■		■	
22		2		20		2	=	80
	■		■		■		■	
25		3		70		50	=	55
	■		■		■		■	
40		30		35		15	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
43		17		48		57	=	14 / 69

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

ए	म	मा	डॉ.	व	गे	व्द	सिं	ह	क	धि				
हा	ग	सू.	ह	म	ल	जी	स	ल	व	ज				
सु	धी	जो	द	अं	को	त	र	थ	ल	टी.				
कु	र	दा	पा	ल	क	ह	मा	ह	य	ए				
मा	जे.	न	ष	ठ	म	मी	र	म्म	सी	त.				
र	मी	ए	स	जि	स्था	क	प	सिं	गु	कृ				
से	ह	बु	म.	टी	म	मी	टे	बी.	ह	ष्म				
न	पू.	सु	पा	सिं	पं.	री	ल	बी.	था	मू.				
मों	रे	क	सू.	ह	ग	बे	से	टं	न	सिं				
आ	र.	के.	त्रि	वे	दी	दो	ह	ड	क	व				
टी.	ए	म	से	प	म	इ	ह	म	ह	धी				

शब्दजाल में 'भारत के प्रमुख 10 चुनाव आयुक्तों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

सुकुमार सेन, डॉ. नगेन्द्रसिंह, टी. स्वामीनाथन, टी.एन. शेषन, मनोहरसिंह, टी.एस. कृष्णमूर्ति, बी.बी.टंडन, एन. गोपालस्वामी, जे.एम. लिंगदोह, आर. के. त्रिवेदी

अष्टयोग

1			4	5		
2	25		32	4	36	2
7		1	6			
	34	6	31	6	33	5
	5		3			1
	37	5	31		30	3
	5		6	1		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

39	+	56	-	2	-	35	=	58
-	■	+	■	x	■	-	■	-
31	-	20	+	14	+	32	=	57
+	■	+	■	-	■	+	■	x
40	x	2	-	20	-	30	=	30
-	■	+	■	+	■	-	■	-
30	+	5	x	5	-	15	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
18	+	43	-	13	-	18	=	12 / 24

अष्टयोग का हल

7	5	1	3	4	2	6
5	30	3	21	1	35	7
1	6	2	4	3	7	5
2	29	6	40	7	34	3
4	3	5	7	6	1	2
6	33	4	42	5	26	1
3	1	7	6	2	5	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1



पाकिस्तान छोड़ यूरोपीय देशों में बस रहे बड़े अफसर

रक्षा मंत्री बोले- नौकरी में रहते ही भागने का प्लान बना रहे; पुर्तगाल पसंदीदा ठिकाना बना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कई बड़े सरकारी अधिकारियों ने विदेशों में घर बसा लिया है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आरोप लगाया है कि इन अधिकारियों ने नौकरी में रहते हुए ही यह प्लान बना लिया था। उनके मुताबिक, इन अधिकारियों ने कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप के दूसरे देशों में स्थायी रूप से बसने की तैयारी की थी। पिछले कुछ सालों में पुर्तगाल ऐसे अधिकारियों के लिए पसंदीदा ठिकाना बनकर उभरा है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, आसिफ ने कहा कि विदेश में बसने की योजना बनाने वाले कई अधिकारी सरकार में अहम पदों पर रह चुके हैं।

पुर्तगाल में बसाने के नाम पर पाकिस्तानी अफसरों से ठगी

ख्वाजा आसिफ ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति पाकिस्तानी सरकारी अधिकारियों को पुर्तगाल में स्थायी निवास दिलाने में मदद करने का दावा कर रहा था। उसने कई प्रभावशाली अधिकारियों से बड़ी रकम वसूली और फिर फरार हो गया। रक्षा मंत्री के मुताबिक, इस मामले में जिन अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, वे अलग-अलग सरकारों में अहम पदों पर रह चुके हैं और प्रभावशाली लोगों से उनके करीबी संबंध रहे हैं। हालांकि, आसिफ ने न तो अधिकारियों के नाम बताए और न ही ठगी की रकम का खुलासा किया। आसिफ ने सवाल उठाया कि सरकारी पदों पर रहते हुए सुविधाएं और सम्मान पाने वाले अधिकारी पाकिस्तान के प्रति कितने वफादार रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों को राजनीतिक नेताओं की नजदीकी के कारण वैध और अवैध तरीकों से संपत्ति जुटाने के मौके भी मिले। उन्होंने सवाल किया कि क्या ऐसे अधिकारी पाकिस्तान को अपना स्थायी घर मानते हैं या फिर विदेश जाने से पहले इसे केवल एक पड़ाव समझते हैं।

पूर्व भारतीय सुरक्षा सलाहकार ने भी चिंता जताई

पाकिस्तान मामलों के एक्सपर्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के पूर्व सदस्य तिलक देवशर ने भी आसिफ के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान में कुछ गंभीर रूप से गलत हो रहा है। देवशर ने रक्षा मंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारियों ने नौकरी में रहते हुए ही विदेश जाने की तैयारी कर ली थी। उन्होंने पुर्तगाल को पाकिस्तानी नौकरशाहों के विदेश जाने का नया पसंदीदा ठिकाना बताया।

यौन अपराधी एपस्टीन और मंत्री हरदीप पुरी की फोटो वायरल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की कई तस्वीरें वायरल हैं। ये तस्वीरें इसलिए अहम मानी जा रही हैं, क्योंकि पुरी लगातार कहते रहे हैं वे एपस्टीन से केवल प्रतिनिधिमंडल के साथ मिले, अलग से कभी मुलाकात नहीं हुई। तस्वीरें सामने आने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- जब पुरी ने कहा था कि वे एपस्टीन से कभी अकेले नहीं मिले, तो इन तस्वीरों के क्या मायने हैं?

सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा- पुरी कहते थे कि वे एपस्टीन से तीन-चार बार डेलिगेशन के साथ मिले थे, दोनों तस्वीरों में बाकी सदस्य कहां थे। इन तस्वीरों को जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी दस्तावेजों के नौवें सेट में रखा गया था। इस सेट में कम से कम 11 तस्वीरें हैं। ये सभी लगभग एक जैसी हैं। ये मंगलवार को सोशल मीडिया पर चर्चा में आई।

राहुल गांधी ने एपस्टीन और पुरी की तस्वीर सवाल उठाया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुंबई पहुंचने और अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जेफ्री एपस्टीन और हरदीप सिंह पुरी की तस्वीर जारी किए जाने को लेकर इखढ और फ्रर पर तंज कसा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, ह्लरुबियो मुंबई पहुंचे। अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन और पुरी की तस्वीर जारी की। भाजपा और आरएसएस के कार्यकताओं से पूछना चाहता हूं कि आपके हिसाब से ये किस देश-विरोधी गद्दार को ब्लैकमेल कर रहे हैं?

दो महिलाओं ने पिस्टल-कारतूस मुंबई पहुंचाए; शूटर रेहान की मां बोली- मास्टरमाइंड हरियाणा में छिपा

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग में इस्तेमाल हथियार अमृतसर से आए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्टर टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग में इस्तेमाल हुए हथियार अमृतसर से लाए गए थे। मुंबई पुलिस ने बुधवार को यह दावा किया। पुलिस ने बताया कि हरियाणा में सोनीपत के कुणाल (21) और सुमित (19) ने लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित के निर्देश पर एक पिस्टल और 20 कारतूस जुटाए थे। उत्तर प्रदेश की राधा (23) और बबीता (23) नाम की दो महिलाओं ने इन्हें मुंबई तक पहुंचाया।

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को चारों को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, सोमवार को फायरिंग करने वाले तीन लोग कोटा से गिरफ्तार हुए थे। इनमें बिहार का ऋतिक, हरियाणा के रेहान और फूल सिंह शामिल थे। इन्हें मुंबई लाया गया, जहां कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

रेहान की मां शमशीदा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा कि इस केस का मास्टरमाइंड हरियाणा में छिपा है। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में आगे जानकारी नहीं दी। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कुणाल जुलाई में सोनीपत जेल से बाहर आया था। इसके बाद एक दोस्त ने उसकी मुलाकात लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित से कराई। दोनों एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप के जरिए बातचीत करने लगे। पुलिस को शक है कि अनिल विदेश में रहकर अपने नेटवर्क के लोगों को निर्देश दे रहा था। करीब दो हफ्ते पहले अनिल ने कुणाल को अमृतसर से हथियार जुटाकर मुंबई पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। कुणाल ने इस काम में सुमित को साथ लिया।

सूत्रों के मुताबिक, कुणाल और सुमित अमृतसर पहुंचे। वहां एक तय जगह पर एक पिस्टल और 20 कारतूस रखे थे, जहां से उन्होंमने उसे कलेक्ट किया। लेकिन हथियार किसने रखे, यह कुणाल और सुमित को नहीं बताया गया। इस तरीके को ह्यडेड लेटर बॉक्सह्व कहा जाता है।

इसमें सामान किसी तय जगह पर छोड़ दिया जाता है, जहां से दूसरा व्यक्ति उसे उठा लेता है। इस तरह दोनों को सीधे मिलने की जरूरत नहीं होती और पहचान का भी खुलासा नहीं होता।

सूत्रों का कहना है कि कुणाल और सुमित को हथियार लाने के लिए अनिल पंडित ने 70 से 80 हजार रुपए दिए थे। इसमें से करीब 10 से 12 हजार रुपए राधा और बबीता को दिए गए। जांच के मुताबिक, कुणाल की मुलाकात राधा से करीब दो महीने पहले हुई थी। राधा और बबीता सोनीपत की एक फैक्ट्री में काम करती हैं। पुलिस का आरोप है कि कुणाल ने दोनों को हथियार मुंबई ले जाने के लिए तैयार किया।

15 अक्टूबर को कुणाल दोनों महिलाओं को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचा। पिस्टल राधा के बैग में रखी गई थी। इसके बाद दोनों ट्रेन से मुंबई रवाना हुईं। यात्रा के दौरान कुणाल एन्क्रिप्टेड ऐप के जरिए अनिल पंडित के संपर्क में था और महिलाओं को निर्देश दे रहा था। पुलिस के मुताबिक, 17 अक्टूबर को राधा और बबीता मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन पहुंचीं और एक होटल में ठहरीं।



शूटरों को मुंबई से निकालने का काम भी कुणाल को सौंपा गया

18 अक्टूबर को शाम करीब 7 बजे टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग हुई। एक्टर सुरक्षित रहे, जबकि उनके ड्राइवर को चोट आई। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद अनिल पंडित ने कुणाल से संपर्क किया और कहा कि शूटर मुंबई में फंस गए हैं।

इसके बाद कुणाल को उन्हें शहर से बाहर निकालने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। इसी दिन राधा और बबीता दादर से हरिद्वार की ओर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुईं। पुलिस इस यात्रा और फायरिंग के बाद आरोपियों की आवाजाही के बीच संबंध की जांच कर रही है।

कहा- तिरंगे की तस्वीर नहीं हटाऊंगा

प्रियंका के बेटे की तस्वीरें प्रदर्शनी से हटाई गईं, इनमें रेहान वाड्रा की 70 से ज्यादा फोटो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में बीकानेर हाउस ने प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान की हालिया दिल्ली प्रदर्शनों वाली कई फोटो प्रदर्शनी में से हटा दी हैं। यह कदम उनकी प्रदर्शनी शुरू होने से कुछ घंटे पहले उठाया गया। इस मामले में बीकानेर हाउस की तरफ से कोई बयान हीं आया है।

रेहान की सोलो एग्जिबिशन का नाम नो आइडिया इज फाइनल है। इसका प्रीव्यू बुधवार को हुआ और यह गुरुवार से दर्शकों के लिए खुलेगी। इसमें पहले 100 से ज्यादा तस्वीरें थीं, लेकिन अब करीब 40 बची हैं। रेहान की खींची हुई 70 से ज्यादा फोटो हटाई गई हैं।

इस पर रेहान ने कहा कि राजनीतिक माहौल का हवाला देकर फोटो हटाई गई हैं। लेकिन वह तिरंगे के फोटो नहीं हटाएंगे। वहीं, प्रियंका गांधी ने कहा कि अब लोकतंत्र नहीं रह गया है। आज देश में युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। रेहान ने अपनी सोलो एग्जिबिशन नो आइडिया इज फाइनल का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने बुधवार को बताया कि उन्हें दोपहर 3:30 बजे कहा गया था कि शाम 5 बजे तक फोटो नहीं हटाईं तो प्रदर्शनी रद्द कर दी जाएगी। रेहान के मुताबिक, प्रशासन ने मौजूदा राजनीतिक माहौल का हवाला देकर प्रदर्शनों से जुड़ी तस्वीरों पर आपत्ति जताई। जबकि प्रदर्शनी का प्रस्ताव और लेआउट पहले ही प्रबंधन को दिया गया था। रेहान ने कहा- तस्वीरें पिछले 6 महीनों के प्रदर्शनों का दस्तावेज थीं और उनमें कोई राजनीतिक संदेश नहीं था। कलाकारों के काम को सेंसर किया जा रहा है। मुझे नहीं पता कि वे किससे डरे हुए हैं और तिरंगा की फोटो तक हटाने की हद तक चले गए। लेकिन मैं तिरंगे के फोटो नहीं हटाऊंगा। प्रदर्शनी रविवार तक तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी।

प्रियंका बोलीं- आज उसकी, कल किसी और की बारी

रेहान की मां प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस कदम को हास्यास्पद बताया। उन्होंने इसे देशभर के युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश कहा। प्रियंका ने कहा- उसकी तस्वीरें प्रदर्शनों की थीं। उनमें कोई टिप्पणी नहीं थी। किसी के खिलाफ अपमानजनक बात नहीं थी। वे केवल प्रदर्शन का दृश्य दस्तावेज थीं। रेहान वाड्रा ने दिल्ली के विरोध प्रदर्शनों की फोटो खींचीं, राहुल गांधी भी नजर आए रेहान वाड्रा की फोटो सीरीज में दिल्ली में हुए विरोध प्रदर्शनों के दृश्य दर्ज हैं। तस्वीरों में पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने और प्रदर्शन के दौरान बने तनावपूर्ण माहौल को दिखाया गया है। एक तस्वीर में राहुल गांधी भी प्रदर्शनकारियों के बीच नजर आ रहे हैं। ये प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में हुए थे। विपक्षी दलों ने चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाते हुए रक्फ़के बदलाव वापस लेने की मांग की थी।

फाइटर जेट और छोटे ड्रोन को पहचानकर ट्रैक करेंगे

रक्षा मंत्रालय सेना के लिए 770 करोड़ के रडार खरीदेगा, खतरों से निपटने में मदद मिलेगी


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की हवाई सुरक्षा मजबूत करने के लिए बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ करीब 770 करोड़ रुपए की डील की है। इसके तहत इम्प्रूव्ड लो लेवल लाइट वेट रडार खरीदे जाएंगे। ये रडार फाइटर जेट के साथ बेहद छोटे ड्रोन का भी पता लगाकर उनकी गतिविधियों को ट्रैक कर सकेंगे। ये रडार हवाई लक्ष्यों की पहचान कर यह भी तय कर सकेंगे कि किस खतरे पर पहले ध्यान देना जरूरी है।

इससे दुश्मन के ड्रोन से निपटने में सेना को मदद मिलेगी। साथ ही, देश की हवाई सुरक्षा मजबूत होगी और भारत में रक्षा उपकरण बनाने को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से करीब 770 करोड़ रुपए के रडार खरीदने का करार देश में रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देगा। इससे घरेलू रक्षा उद्योग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को भी अवसर मिलने की उम्मीद है। यह पहल आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्यों के अनुरूप है।

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना और नौसेना की क्षमता बढ़ाने के लिए करीब 4,106 करोड़ रुपए के दो रक्षा करार किए। इनमें वायुसेना के लिए संचार उपग्रह और नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो की खरीद शामिल है। मंत्रालय ने न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ संचार उपग्रह के लिए 2,563 करोड़ रुपए का करार किया। स्वदेशी रूप से विकसित इस उपग्रह से वायुसेना के विमानों और अन्य संसाधनों के बीच सुरक्षित और बेहतर संचार व्यवस्था मजबूत होगी। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ 1,543 करोड़ रुपए का करार किया गया। इसके तहत नौसेना के लिए स्वदेशी वरुणास्त्र हेवी वेट टॉरपीडो खरीदे जाएंगे।



सेंगोल बनाने वाले एथिराज का निधन, 99 साल के थे

1947 में नेहरू को मिला, मोदी 2023 में संसद लाए; परिवार 71 साल तक अनजान रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

नए संसद भवन में स्थापित सेंगोल को बनाने वाले ज्वैलर्स थिरु वुम्मिडी एथिराज का बुधवार को चेन्नई में निधन हो गया। वे 99 साल के थे। एथिराज ने ऐतिहासिक सेंगोल बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह सेंगोल 1947 में देश की आजादी के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सौंपा गया था।

आजादी के बाद सेंगोल प्रयागराज के इलाहाबाद म्यूजियम की नेहरू गैलरी में रखा गया था। वहां इसकी पहचान नेहरू को उपहार में मिली सुनहरी छड़ी के रूप में दर्ज थी। 2018 तक एथिराज का परिवार भी सेंगोल से अनजान रहा। उन्हें एक आर्टिकल से इसके बारे में जानकरी मिली। 28 मई 2023 को पीएम मोदी ने नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया। साल 2023 में संसद में स्पीकर की कुर्सी के बगल में सेंगोल को स्थापित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। 1947 में तमिलनाडु के तिरुवावदुथुरै अधीनम मठ ने चेन्नई के वुम्मिडी बंगारू चेट्टी ज्वेलर्स को सेंगोल बनाने का काम सौंपा था। तत्कालीन मठ प्रमुख ने राजदंड का डिजाइन और उसमें इस्तेमाल होने वाले धार्मिक प्रतीकों की जानकारी दी थी। इस काम में वुम्मिडी एथिराज और वुम्मिडी सुधाकर की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उस समय एथिराज की उम्र करीब 22 साल थी। सरकारी विवरण के मुताबिक, लगभग 10 कारीगरों ने 10 से 15 दिनों में सेंगोल तैयार किया था। यह करीब 5 फीट लंबा था और सोने की परत चढ़ी चांदी से बनाया गया था। सेंगोल के ऊपर नंदी की आकृति बनाई गई, जिसे न्याय और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। इसमें देवी लक्ष्मी और अनाज की बालियों जैसे प्रतीक भी उकेरे गए थे। सरकार के 2023 के विवरण के अनुसार, आजादी के समय सी. राजगोपालाचारी की पहल पर तमिल मठ से सेंगोल तैयार करवाया गया था। मठ के प्रतिनिधि इसे लेकर दिल्ली पहुंचे। 14 अगस्त 1947 की रात जवाहरलाल नेहरू के आवास पर एक धार्मिक समारोह हुआ। तमिलनाडु से आए संतों ने नेहरू को पवित्र जल से आशीर्वाद दिया और सेंगोल सौंपा। इस समारोह का उल्लेख 25 अगस्त 1947 की टाइम्स पत्रिका और फ्रीडम एट मिडनाइट बुक में भी मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा, 'श्री वुम्मिडी एथिराज जी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। वह एक प्रतिष्ठित शिल्पकार थे, जिनका काम भारत के इतिहास के एक निर्णायक क्षण का हिस्सा बना। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।' उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि ऐतिहासिक सेंगोल बनाने में एथिराज के प्रयासों को हमेशा सम्मान से याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोस्ट में कहा, 'थिरु वुम्मिडी एथिराज के निधन से बेहद दुखी हूं। तमिलनाडु के प्रतिष्ठित परिवार के एथिराज को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भेंट किए गए ऐतिहासिक सेंगोल को बनाने में उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा।'

काशी में चिनूक हेलिकॉप्टर गंगा को छूकर उड़ा

विमानों के हैरतअंगेज करतब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

वाराणसी में बुधवार को एयर शो का ग्रैंड रिहर्सल हुआ। कमांडोज नमो घाट पर हेलिकॉप्टर से क्रूज पर उतरे। फिर कुछ ही देर में रस्सी से हेलिकॉप्टर पर चढ़कर लौट गए। राफेल और सुखोई जैसे 52 लड़ाकू विमानों की गर्जना से नमो घाट गूंज उठा। लड़ाकू विमानों ने गंगा नदी पर टच एंड गो (लो-लेवल फ्लाईपास्ट) कर लोगों को रोमांचित कर दिया। पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी से की गई। दर्शकों को 3 लेयर की जांच के बाद एंट्री दी गई। एयर शो रिहर्सल में कुल 100 विमानों ने हिस्सा लिया। इनमें लड़ाकू विमानों के अलावा 15 परिवहन विमान, 32 हेलिकॉप्टर और विंटेज विमान सारनाथ शामिल है। ये विमान देशभर के 12 एयरपोर्ट से उड़ान भरकर पहुंचे थे। दरअसल, काशी में एयरफोर्स के 94वें स्थापना वर्ष पर एयर शो किया जा रहा है।

चारों के बीच बद्र समझौता; ढअङ मक्का पैक्ट के बाद मुस्लिम देशों के साथ साझेदारी बढ़ा रहा

पाकिस्तान, तुर्किये, कतर और इंडोनेशिया मिलकर हथियार बनाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान, तुर्किये, कतर और इंडोनेशिया अब मिलकर हथियार बनाएंगे। चारों देशों ने बुधवार को कतर की राजधानी दोहा में बद्र समझौता किया। इसके तहत हथियारों का साझा उत्पादन, सैन्य तकनीक का लेनदेन और रक्षा क्षेत्र में ट्रेनिंग और रिसर्च की जाएगी।

मक्का पैक्ट के बाद पाकिस्तान की मुस्लिम बहुल देशों के साथ यह बढ़ती साझेदारी क्षेत्र में नए रक्षा समीकरण बना सकती है। इसका मकसद हथियारों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता घटाना और अपनी सैन्य ताकत बढ़ाना है। कतर के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते का मकसद चारों देशों की हथियार बनाने की क्षमता बढ़ाना और रक्षा उद्योग में आपसी सहयोग मजबूत करना है। इसके तहत चारों देश अपने संसाधनों, तकनीक, कामगारों और निवेश का इस्तेमाल एक-दूसरे की मदद के लिए करेंगे। रक्षा उद्योग के जानकार अर्दा मेवलुतोग्लू के मुताबिक, चारों देशों की अपनी-अपनी ताकत है। तुर्किये के पास हथियार बनाने की आधुनिक तकनीक, सैन्य सिस्टम तैयार करने का अनुभव और मजबूत रक्षा उद्योग है। पाकिस्तान और इंडोनेशिया के पास हथियार बनाने की क्षमता, लेबर और बड़े घरेलू बाजार हैं। वहीं, कतर के पास इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए पैसा और हथियार खरीदने की क्षमता है। इन खूबियों को मिलाकर चारों देश हथियारों के उत्पादन और उनकी देखरेख के लिए एक साझा व्यवस्था तैयार कर सकते हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज के रिसर्च एसोसिएट अल्बर्ट विडाल के मुताबिक, पाकिस्तान और इंडोनेशिया तुर्किये के हथियार खरीदने के साथ उनका कुछ हिस्सा अपने देश में भी बनाना चाहते हैं।

इससे तुर्किये की कंपनियों को लंबे समय तक ऑर्डर मिल सकते हैं और उत्पादन की लागत घट सकती है। वहीं, पाकिस्तान और इंडोनेशिया में रोजगार के नए मौके बन सकते हैं। कतर इसमें निवेश के जरिए मदद कर सकता है।



पहले से चल रही रक्षा साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा

तुर्किये का रक्षा उद्योग दुनिया के विकसित रक्षा उद्योगों में शामिल है। वह पहले से ही कतर, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के साथ अलग-अलग रक्षा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। कतर और तुर्किये ने अक्टूबर 2025 में भी रक्षा उद्योग में सहयोग के लिए एक समझौता किया था। पाकिस्तान और तुर्किये के बीच युद्धपोत बनाने की परियोजना है। इस परियोजना के तहत चार युद्धपोत बनाए जाने हैं। इनमें से दो तुर्किये के इस्तांबुल में और दो पाकिस्तान के कराची शिपयार्ड में बनाए जाने हैं। इससे पाकिस्तान को अपने देश में युद्धपोत बनाने का अनुभव मिलेगा। इंडोनेशिया और तुर्किये मिलकर एक टैंक बना रहे हैं। नए समझौते से ऐसी अलग-अलग परियोजनाओं को एक साझा व्यवस्था के तहत लाने में मदद मिल सकती है। रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट की सीनियर रिसर्च फेलो बुर्कु ओजसेलिक के मुताबिक, इसका मकसद हर नई रक्षा परियोजना के लिए अलग व्यवस्था बनाने के बजाय मौजूदा समझौतों को एक मजबूत नेटवर्क से जोड़ना है।

■ वर्ष-12 अंक-348 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

न चोरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम्।।

भावार्थ : ज्ञान का धन कोई चुरा नहीं सकता, राजा उसे नहीं ले सकता, वह भाइयों में बाँटा नहीं जाता, बोझ नहीं होता, खर्च करने से बढ़ता है। वास्तव में शिक्षा ही धन है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 22 अक्टूबर, 2026

सद्विद्या यदि का चिन्ता वराकोदर पूरणे।
शुकोऽप्यशनमाप्नोति रामरामेति च ब्रुवन्।।

भावार्थ : यदि आपके पास अच्छा ज्ञान है, तो पेट भरने के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। तोते को राम राम कहने से भी भोजन मिलता है।

सम्पादकीयम्

उत्तराणि आवश्यकानि

ते लघु उल्लङ्घनानि उपेक्षन्ते अथवा मूल्याङ्कनकाले अतिशयेन नम्रतां कुर्वन्ति। क्रमेण एतेन उपाधिगुणः क्षीणः भवति। अन्ते छात्राः–ये उन्नतिं कर्तुं स्वस्य योग्यतायाः उपरि अवलम्बन्ते-ते एव परिणामं भोगयन्ति। उत्तराणि आवश्यकानि। परन्तु स्वायत्तता संस्थां संवीक्षणात् उपरि न स्थापयति। एकस्मिन् वर्षे बम्बई-विद्यालये चतुर्णां छात्राणां मृत्युः, स्वयमेव संस्थागतविफलतायाः प्रतिनिधित्वं करोति। कश्चन छात्रः स्वमण्डले शीर्षस्थानं प्राप्तवान् स्यात्, परन्तु आईआइटी-विद्यालये ३००-समूहे २८७ तमे स्थाने स्वं ज्ञात्वा तेषां मानसिकशैक्षणिकदबावस्य अपारं भवति तथापि अस्माकं प्रणाली एतादृशानां छात्राणां कृते एतेषां कठिनसमयानां सामना कर्तुं, मार्गदर्शने च सहायार्थं पर्याप्तं समर्थनं दातुं असफलं भवति। अधिकांशेषु प्रतिष्ठितपरिसरेषु छात्रजनसंख्यायाः सापेक्षतया परामर्शसुविधाः दुःखदरूपेण अपर्याप्ताः सन्ति। फ्लाईडुबाई अपहरणम्: ओमानी सह-पायलट् गोलिकाभिः मृतः भविष्यति वा कप्तानस्मिट् इत्यस्य उपरि आक्रमणं कृतवान् पुरुषस्य किं दण्डः प्रतीक्षते? आलोचना अत्यावश्यकी अस्ति। यदि अद्यत्वे विवादाः यत्र क्रीडन्ति तत्र पुलिस-वीथी-क्षेत्राणि अधिकाधिकं भवन्ति तर्हि संस्थानां दुर्बल-आन्तरिक-व्यवस्थाः एव दोषी भवन्ति यदा आक्रोशानां निराकरणं समये पारदर्शकरूपेण च न भवति तदा जनाः अन्यमार्गान् अन्विषन्ति। अतः संस्थानां रक्षणस्य मार्गः आलोचनायाः कृते न लज्जा, अपितु आन्तरिकतन्त्राणां सुदृढीकरणं भवति।

आरोपानाम् प्रमाणीकरणं केवलं प्रासंगिकवक्तव्यस्य

दस्तावेजानां, चिकित्साप्रतिवेदनानां, छायाचित्रस्य भिडियोस्य, अन्येषां च उपलब्धसाक्ष्याणां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



आरोपानाम् प्रमाणीकरणं केवलं प्रासंगिकवक्तव्यस्य, दस्तावेजानां, चिकित्साप्रतिवेदनानां, छायाचित्रस्य, भिडियोस्य, अन्येषां च उपलब्धसाक्ष्याणां सम्यक् परीक्षणानन्तरं एव कर्तुं शक्यते।

पुलिसकर्मचारिणां विरुद्धं हिंसा तथा सार्वजनिकसम्पत्त्याः क्षतिः अपि अन्वेषणं क्रियते समितियाः अन्वेषणं केवलं आन्दोलनकारिणां विरुद्धं कृतानां कथितानां कायाणां मध्ये एव सीमितं नास्ति। गृहमन्त्रालयेन उक्तं यत् अत्यन्तं हिंसा, सम्पत्तिक्षतिः च सम्बद्धाः घटनाः-उभयपक्षे-अपि प्राथमिकता भविष्यति।

सर्वोच्चन्यायालयस्य निदेर्शेषु गोलिकानां विद्युत्दण्डानां च उपयोगः, आन्दोलनकारिणां पुलिसकर्मचारिणां च हिंसा, क्षतिपूर्तिप्रश्नः, सार्वजनिकसम्पत्त्याः क्षतिः इत्यादयः विषयाः समाविष्टाः सन्ति एवं च अन्वेषणस्य व्याप्तिः विरोधकाले बलस्य प्रयोगः, तत्सम्बद्धानां सवेषां पक्षानां तत्सम्बद्धं उत्तरदायित्वं च आच्छादयति समितिः पुलिस-सुरक्षाबलयोः विरुद्धं आरोपानाम् सत्यतायाः आकलनं करिष्यति। तत्सह पुलिसकर्मचारिभिः प्राप्ताः चोटाः, तेषां प्रति निर्देशितहिंसायाः कार्याणि, सम्पत्तिक्षतिः च इति दावानां अपि अन्वेषणं भविष्यति उद्देश्यं भवति यत् घटनानां एकपक्षीयमूल्यांकनस्य उपरि अवलम्ब्य न तु उपलब्धसाक्ष्याणां आधारेण स्थितिं सम्पूर्णतया अवगन्तुम् सर्वोच्चन्यायालयेन पञ्चसदस्यीयसमित्याः कृते अन्वेषणं न्यस्तम्

२०२६ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासस्य १८ दिनाङ्के सर्वोच्चन्यायालयेन पञ्चसदस्यीयसमित्याः गठनं कृतम् यत् जुलैमासे छात्रविरोधानाम् समये हिंसायाः आरोपानाम् स्वतन्त्रं अन्वेषणं करणीयम् समितिस्य अध्यक्षः सर्वोच्चन्यायालयस्य पूर्वन्यायाधीशः न्यायाधीशः आर. समितिस्य अन्येषु सदस्येषु पंजाब-हरियाणा-उच्चन्यायालयस्य पूर्वमुख्यन्यायाधीशः न्यायाधीशः (सेवानिवृत्तः) रविशंकर झाः; दिल्ली उच्चन्यायालयस्य पूर्वन्यायाधीशः न्यायाधीशः (सेवानिवृत्तः) शालिन्दरकौरः डा. केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला; तथा मेघालयस्य पूर्वपुलिसमहानिदेशकः एल.आर.बिश्नोई.

सर्वोच्चन्यायालयस्य १८ अगस्तदिनाङ्केषु १० सितम्बर्म २०२६ दिनाङ्केषु च उल्लिखितेषु विषयेषु गोलीबन्दूकानां उपयोगः, जनसमूहनियन्त्रणकाले कानूनप्रवर्तनकर्मचारिभिः धारितानां वणार्नां, व्यापकनिषेधात्मकादेशानां वैधता, पुलिसनिगरानीयाः वैधानिकता, असहमतिप्रकटीकरणस्य अधिकारसम्बद्धाः प्रश्नाः च सन्ति न्यायालयेन स्वस्य आदेशे पुलिस-सुरक्षाबलयोः अत्यधिकं असमानुपातिकं च बलं प्रयुक्तम् इति आरोपानाम् स्वतन्त्रस्य निष्पक्षस्य च अन्वेषणस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं दत्तम्। जाँचस्य व्याप्तिः पुलिसकर्मचारिणां प्रति निर्देशितहिंसायाः, सार्वजनिकसम्पत्त्याः विनाशस्य च विषये दावाः अपि समाविष्टाः सन्ति। प्रमाणाधारितं निर्धारितव्यघटनानां उत्तरदायित्वम् जुलैमासे जन्तरमन्तरे आयोजितेषु विरोधान्दोलनसम्बद्धविषयेषु अन्वेषणं अधुना शिकायतां, साक्षिवक्तव्यं, उपलब्धदस्तावेजानां च आधारेण प्रचलति। एकस्य ऑनलाइन-पोर्टलस्य प्रारम्भेन घटनानां समये प्रभावितानां कृते-अथवा अन्वेषणसम्बद्धा सूचना येषां सन्ति-अथवा अग्रे आगत्य स्वलेखान् साझां कर्तुं मञ्चं प्रदत्तम् अस्ति। अस्याः प्रक्रियायाः महत्त्वं आरोपानाम् सत्यापनमात्रात परं भवति। गोलीबन्दूकानां प्रयोगः, बलस्य प्रयोगस्य आवश्यकता, महिलाआन्दोलनकारिणां सुरक्षा, पुलिसकर्मचारिणां उपरि आक्रमणं, सार्वजनिकसम्पत्त्याः क्षतिः इत्यादीनां विषयेषु निष्पक्षतया अन्वेषणं एतेषां घटनानां।

मौखिकदुर्व्यवहारस्य

वाचिकविवादस्य अनन्तरं तस्य शिरसि, उदरस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मौखिकदुर्व्यवहारस्य अनन्तरं छूरीप्रहारस्य आरोपः प्रारम्भिकसूचनानुसारं साधुस्य मन्दिरे वासस्य विषये केभ्यः युवकैः सह विवादः अभवत्। वाचिकविवादस्य अनन्तरं तस्य शिरसि, उदरस्य च चोटः अभवत् इति आरोपः अस्ति। एषा घटना मन्दिरसङ्कुलस्य अन्तः हलचलं जनयति स्म। परन्तु आक्रमणकारिणां परिचयः, घटनायाः सटीककारणं च अन्वेषणानन्तरं आधिकारिकतया पुष्टिः कर्तुं शक्यते। इदानीं कृते साधुना कृतानां आरोपानाम् आधारेण पुलिसाः घटनाक्रमं एकत्र स्थापयन्ति। पुलिस पीडितं चिकित्सालयं प्रति त्वरितम्; अन्वेषणं प्रचलति

घामापुर थाना के थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे के अनुसार मंदिर में निवास करने वाले बाबा (तपस्वी) पर मारपीट के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सः आहतस्थितौ विक्टोरिया-चिकित्सालये नीतः। पुलिस अस्य विषयस्य अन्वेषणं कृत्वा विवादस्य कारणं ज्ञातुं कार्यं कुर्वती अस्ति। समिति-तपस्वी-विवादस्य अन्वेषणम् अत्यावश्यकम् मन्दिरपरिसरस्य अन्तः निवासः, कुञ्जीनां नियन्त्रणं, अतिक्रमणं च इति विषये केन्द्रितः अयं विवादः धार्मिकस्थलस्य प्रबन्धनसम्बद्धाः प्रश्नाः उत्पन्नाः पुलिस-अनुसन्धानेन अद्यापि स्पष्टं न कृतम् यत् किं विवादस्य आरम्भः।

चञ्चलबलदेवबागक्षेत्रे अभवत्, यत्र धूर्तचोराः पेट्रोलपम्पस्वामिनः कारात्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे अपराधिनः एतावन्तः साहसं कृतवन्तः यत् अधुना जनसङ्ख्यायुक्तेषु क्षेत्रेषु अपि दिनप्रकाशे सनसनीभूताः अपराधाः क्रियन्ते। नवीनतमघटना कोतवालीपुलिसस्थानसीमायाः अन्तर्गतं चञ्चलबलदेवबागक्षेत्रे अभवत्, यत्र धूर्तचोराः पेट्रोलपम्पस्वामिनः कारात् ३.५० लक्षं पुटं गृहीत्वा नेत्रपलायने एव प्रस्थिताः। एतत् साहसिकं अपराधं स्थानीयक्षेत्रे हलचलं जनयति, जनसामान्यं च आतङ्कस्य वातावरणं जनयति। टायरपरिवर्तनस्य समये एकः धूर्तः चोरी : पुलिसैः प्रदत्तस्य आश्चर्यजनकविवरणानां अनुसारं अशोक ग्रोवरः-मधोतालस्य निवासी, सुप्रसिद्धः पेट्रोलपम्पस्य स्वामी च-किञ्चित् तात्कालिककार्यं कर्तुं।

राशिफल

मेष : आज के दिन फोकस बनाए रखें। परिवार और पड़ोसियों के साथ खुशियां बांटें। आज का दिन स्पीड और एनर्जी लेकर आएगा।

वृषभ : आज के दिन क्लियर योजना एक शांत, उत्पादक शाम की ओर ले जा सकती है। शांत होकर सोच-विचार करें।

मिथुन : आज आपकी भावनाएं आपके डिसीजन का मार्गदर्शन करेंगी। आज के दिन धैर्य रखें और क्लियर रूप से बात करें।

कर्क : आज के दिन आपका मन तरोताजा रहेगा। नए आइडिया तथा उपयोगी कनेक्शन बन सकते हैं।

सिंह : आज जल्दबाजी में डिसीजन लेने से बचें। दोस्तों या मार्गदर्शकों का सपोर्ट आपके लिए मददगार साबित होगा।

कन्या : आज के दिन अप्रत्याशित मौके आपको समझदारी से काम लेने के लिए मोटिवेट करेंगे।

तुला : सोच-विचार करने या जरूरी फैसले लेने के लिए अच्छा है। जब आप फोकस बनाए रखेंगे तो छोटे-छोटे प्रयास क्लियर लाभ देंगे।

वृश्चिक : आज अपने शब्दों को सौम्य और कार्यों को स्टेबल रखें। छोटे-छोटे विचारशील कदम प्रगति ला सकते हैं।

धनु : आज धैर्य और सुनने की क्षमता से आपका जीवन स्टेबल महसूस होगा। लंबे समय में हेल्दी रहने के लिए हेल्दी आदते अपनाएं।

मकर : सोच-विचार करने या जरूरी फैसले लेने के लिए एक अच्छा दिन है। जब आप फोकस बनाए रखेंगे तो क्लियर लाभ देंगे।

कुंभ : लाइफस्टाइल और क्लियर प्राथमिकताओं से लाभ होगा। फाइनेंशियल डिसीजन में सेफ ऑप्शन फायदेमंद साबित होंगे।

मीन : आप आज के दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे। आज के दिन अपने कामों को शुरू करने के लिए तैयार रहेंगे।

टेस्ट को प्राथमिकता देने की सलाह दी, न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा

बुमराह वर्ल्डकप तक तीनों फॉर्मेट न खेलें : रवि शास्त्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने बुमराह के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जसप्रीत बुमराह को अगले साल के अंत में होने वाले डब्लूवर्ल्ड कप तक तीनों फॉर्मेट नहीं खेलना चाहिए।

शास्त्री ने रविवार देर रात स्टार स्पोर्ट्स में कहा कि बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलें। वनडे और ळ20 में उन्हें कभी-कभार ही उतारा जाए, ताकि वह चोट से बच सकें।

बुमराह न्यूजीलैंड दौरे से कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। वे कीवियों के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेंगे। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है।

शास्त्री की 3 बातें

मुझे नहीं लगता कि उसे ओडीआई वर्ल्ड कप तक तीनों फॉर्मेट खेलने चाहिए। उसे टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए और वनडे-टी20 में कभी-कभार उतरना चाहिए। उसे पूरी सीरीज या हर मैच नहीं खेलना चाहिए।

मैं उसे टेस्ट मैचों के लिए बचाकर रखना चाहूंगा। यह बहुत जरूरी है। वह भारतीय टीम का अहम सदस्य है। इसके बाद बाकी फॉर्मेट में उसका इस्तेमाल सीमित तौर पर होना चाहिए।

यह एक कड़ी परीक्षा है। न्यूजीलैंड की घरेलू परिस्थितियों में उसे हराना आसान नहीं है। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया को उस पर बढ़त हासिल रही है। उन्होंने आगे कहा, विदेशी दौरे पर एक युवा कप्तान के लिए यह अच्छा चैलेंज होगा।

न्यूजीलैंड दौरे पर गिल की कप्तानी की परीक्षा– न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर सबसे ज्यादा ध्यान है। ऐसे में विदेशी दौरे पर टीम की कप्तानी को लेकर भी चर्चा हो रही है। शुभमन गिल ने 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ सीरीज में अपनी कप्तानी साबित की थी। यह विदेशी कप्तान के तौर पर उनका पहला दौरा था। गिल ने उस सीरीज में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने 75.40 की औसत से 754 रन बनाए थे।

टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में गिल सिर्फ डॉन ब्रैडमैन से पीछे हैं। ब्रैडमैन ने एक सीरीज में 810 रन बनाए थे। इसके बाद गिल ने अपने दूसरे विदेशी दौरे में श्रीलंका के खिलाफ 1-0 से सीरीज जीती।

पंत को मैच की स्थिति समझने की सलाह

शास्त्री ने आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत को समझदारी से खेलने और मैच की स्थिति पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैंने ऋषभ पंत को कभी कोई संदेश नहीं दिया। मैं उनसे सिर्फ समझदारी से खेलने को कहता हूं। उन्हें किसी के लिए अपना खेल बदलने की जरूरत नहीं है।

शास्त्री ने कहा, उन्हें अपने स्वाभाविक खेल के साथ मैदान पर उतरना चाहिए और दर्शकों का मनोरंजन करना चाहिए। बस उन्हें मैच की स्थिति के बारे में जागरूक रहना होगा। भारत का न्यूजीलैंड दौरा सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनीलिव पर लाइव देखा जा सकेगा।

भुवनेश्वर कुमार के चयन को शास्त्री ने सही बताया

पिछले 24 महीनों में भुवनेश्वर कुमार ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसके बाद भारतीय टीम में उनका चयन स्वाभाविक था। शास्त्री ने इसे नो-ब्रेनर बताया। उन्होंने कहा, अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। इसे बाजार से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता। आईपीएल में उन्होंने जिस तरह का फॉर्म दिखाया, उसके आधार पर वह न्यूजीलैंड की परिस्थितियों के लिए आदर्श होंगे।

ज्योतिष/वास्तु

घर और गाड़ी खरीदने से लेकर सभी सपने होंगे पूरे

जून 2027 तक इन राशि वालों को शनि देंगे मनचाहा लाभ



यह समय कुछ राशि वालों के लिए सफलता के अवसर लेकर आ सकता है। जातकों को अटके हुए काम पूरे होने के साथ जीवन में चल रही कई परेशानियों से भी राहत मिल सकती है। आइए जानते हैं किन राशियों पर शनि देव की विशेष कृपा रहने वाली है।

ज्योतिष शास्त्र में शनि के गोचर को बेहद खास माना जाता है, क्योंकि शनि करीब ढाई वर्ष के बाद राशि परिवर्तन करते हैं। ऐसे में लंबे समय बाद शनि का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश कई राशियों के लिए अलग-अलग तरह के संकेत लेकर आता है। शनि को न्याय और कर्म का कारक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि शनि देव जातकों को उनके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। यही वजह है कि शनि के राशि परिवर्तन का प्रभाव व्यक्ति के जीवन के कई क्षेत्रों पर देखने को मिलता है। वर्तमान में शनि देव मीन राशि में विराजमान हैं। इसके बाद 3 जून 2027 को शनि मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। हालांकि, मेष में गोचर करने से पहले शनि का मीन राशि में रहना कुछ राशियों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इस अवधि में कुछ जातकों को आर्थिक लाभ और मान-सम्मान मिलने के योग बन सकते हैं। साथ ही कई परेशानियों से भी राहत मिलने की संभावनाएं हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

कर्क राशि– कर्क राशि वालों के लिए यह समय भाग्यशाली माना जा रहा है। इस दौरान लंबे समय से अटके हुए काम बनते हुए नजर आ सकते हैं। किसी पुराने मामले में राहत मिलने के साथ कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। निवेश माध्यमों से अचानक लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। करियर-आर्थिक मामलों में सोच-समझकर लिए गए फैसले भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रह सकता है।

तुला राशि– तुला राशि वालों के लिए अचानक बनने वाले अवसर भाग्य का साथ दिला सकते हैं। इस दौरान ऐसे लोगों का सहयोग मिल सकता है, जो पर्दे के पीछे से आपकी मदद कर रहे हैं। मेहनत के परिणाम प्राप्त होंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। इस समय आप मानसिक रूप से भी खुद को अधिक मजबूत महसूस कर सकते हैं। इस समय धैर्य के साथ काम पूरा करने पर आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है और आगे बढ़ने के नए रास्ते खुल सकते हैं।इस समय कला के क्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने से आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

मकर राशि– मकर राशि वालों के लिए आर्थिक लाभ के रास्ते खुल सकते हैं। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों और रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा, जिससे महत्वपूर्ण फैसले लेने में मदद मिल सकती है। आपकी समझदारी से लिए गए फैसले भविष्य में बड़ा फायदा दे सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे जातकों की नौकरी पाने की इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में भी आपकी मेहनतजिम्मेदारी की सराहना होने के साथ नई जिम्मेदारियां मिलने के योग बन रहे हैं।

वैभव को अभी प्लेइंग-11 में जगह नहीं : श्रेयश

अभिषेक-सैमसन लगातार रन बना रहे, दोनों ने वर्ल्ड कप जिताया है



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को क्राइस्टचर्च में कहा- ऐसा नहीं है कि वैभव सूर्यवंशी अभी सीधे टीम में आ सकते हैं। हमारे ओपनर लगातार रन बना रहे हैं और उन्होंने वर्ल्ड कप जीता है।

31 साल के अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले कहा- वैभव को आगे मौके मिलेंगे। विदेशों में खेलने का अनुभव उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगा। उन्होंने फोटोशूट के बाद पत्रकारों से बातचीज की।

सूर्यवंशी को ड्रेसिंग रूम में खुश रहना चाहिए- अय्यर

भारतीय टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी को ड्रेसिंग रूम में खुश रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैभव बहुत युवा हैं और उनके पास मौके पाने के लिए कई साल हैं। इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए चुने जाने के बाद से वैभव ने आठ टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने 2 फिफ्टी के सहारे 186.36 के स्ट्राइक रेट से 246 रन बनाए हैं। इस दौरान रेग्युलर ओपनर अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं।

एशियाड में नंबर-3 पर उतरे सैमसन

- एशियन गेम्स में वैभव सूर्यवंशी को ओपनिंग का मौका देने के लिए संजू सैमसन नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतरे थे।
- श्रेयस अय्यर का मानना है कि विदेशी परिस्थितियों में वैभव का अनुभव भविष्य की सीरीज के लिए उनकी तैयारी बेहतर करेगा।

अगली बार पूरी तरह तैयार होंगे वैभव

अय्यर ने कहा, ह्यजब वे विदेशों में खेलेंगे, तो उन्हें इन खास पिचों पर बल्लेबाजी करने का अच्छा अंदाजा मिलेगा। उन्होंने कहा, ह्यअगली बार जब वह इन परिस्थितियों में आएंगे, तो वे पूरी तरह तैयार होंगे। वह पहली बार यहां आने वाले टीम के दूसरे खिलाड़ियों को भी सलाह दे सकेंगे।

फ्रेंच ओपन बैडमिंटन में सात्विक-चिराग की जोड़ी हारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में हार गई है। जबकि अस्मिता चालिहा और तन्वी शर्मा विमेंस सिंगल्स में अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे बढ़ गई है। पेरिस में मंगलवार को मेंस डबल्स के राउंड ऑफ 32 मैच में सात्विक-चिराग की जोड़ी को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव ने 19-21, 21-18, 13-21 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे से कुछ ज्यादा समय चला। सात्विक और चिराग ने क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ दूसरा गेम जीतकर वापसी की। हालांकि, भारतीय जोड़ी निर्णायक गेम में 13-21 से हार गई। इससे पहले महिला डबल्स में ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को राउंड ऑफ 32 में हार मिली। भारतीय जोड़ी को चाइनीज ताइपे की लिन चिह-चुन और यांग चु यून ने 21-17, 21-18 से हराया।

खबर एक नजर...

कैमरों से 24 घंटे में मोबाइल चोरी का खुलासा

उज्जैन। जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म नम्बर 4 पर हुई मोबाइल चोरी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा कर दिया। जीआरपी टीआई सुनील गुप्ता ने बताया कि 19 अक्टूबर को सोपाल परिहार निवासी शिवपुरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका मोबाइल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में धारा 303(2) का प्रकरण दर्ज कर कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसके आधार पर मिले सुराग के बाद मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया और 24 घंटे में स्टेशन के आउटर पर घेराबंदी कर रूपकुमार पिता रामप्रसाद रजक 40 वर्ष निवासी ग्राम नवलपुर सागर को पकड़ा गया। जिसके पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई प्रकरण दर्ज है। उसे बुधवार को न्यायाल में पेश कर जेल भेजा गया है। टीआई के अनुसार मोबाइल चोर को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक राजेश वर्मा, आरक्षक होमेंद्र शर्मा, रवि बघेल, नवदीप, महिला आरक्षक नेहा शर्मा का सहयोग रहा।

जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हुई मौत

उज्जैन। तराना तहसील के मालीखेडा के रहने वाले दिलीप पिता रामचंद्र लाठी 41 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में बुधवार सुबह दिलीप की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आशंका जताई गई कि आर्थिक परेशानी के चलते दिलीप ने आत्मघाती कदम उठाया है। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार जांच के लिये डायरी तराना पुलिस को सौंपी जायेगी।

दुकान में भरा मिला पटाखों का जखीरा जप्त

उज्जैन। बड़नगर थाना पुलिस ने घी गली हुसैनी बेग की दुकान पर देर शाम दबिश देकर वहां रखा पटाखों का जखीरा बरामद किया। एसआई सुनील परमार ने बताया कि दुकान संचालक अकबर बोहरा द्वारा रिहाईशी इलाके में बिना दस्तावेजों के लापरवाही पूर्वक पटाखे भरकर रखे थे। मामूली लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलने पर पटाखों का जखीरा जप्त कर दुकान संचालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 288 प्रकरण दर्ज किया गया है। विदित हो कि 20 दिन बाद दीपावली का पर्व मनाया जाना है। जिसको लेकर पुलिस अभी से मुस्तैद हो गई है। रिहाईशी इलाकों में पटाखों के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध है। बावजूद बिना लायसेंस कई दुकानदारों द्वारा पटाखों का कारोबार किया जाता है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ पुलिस सख्त एक्शन लेने की तैयारी कर चुकी है, ताकि जनहानि का टाला जा सके।

आटो चालक पर अज्ञात ने किया चाकू से हमला

उज्जैन। नृसिंहघाट गंगा गार्डन के सामने बीती शाम आटो चालक अजय पिता दिनेश बैरागी 32 साल निवासी नृसिंहघाट कालोनी पर अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। घायल चालक खून से लथपथ चेहरा लेकर महाकाल थाने पहुंचा। पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल पहुंचाया और बयान दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। घायल आटो चालक का कहना था कि उसने सवारी उतारी थी और वापस जाने के लिये आटो का पलटा रहा था, उसी दौरान हमला हुआ। वह हमलावर का नहीं पहचानता है। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों और कैमरों की मदद से हमला करने वाले की तलाश शुरू की गई है।

कार खड़ी करने पर विवाद कर फोड़ा कांच



उज्जैन। पदमावती एम्पायर नाकोड़ाधाम के पास देवासरोड पर रहने वाले निहाल पिता पवन सोलंकी कार से ग्राम चंदेसरी नयापुरा पहुंचा था। जहां उसने एक घर के सामने कार खड़ी की। तभी दीपक सोलंकी ने कार खड़ी करने का विरोध किया और निहाल के साथ गाली-गलौच करते हुये मारपीट शुरू कर दी। यहीं नहीं उसने ईंट से कार का पिछला कांच भी फोड़ दिया। नागझिरी थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

भीड़ में टल्ला लगने पर 2 युवकों के बीच विवाद

उज्जैन। गोंदा की चौकी काजीवाड़ा में रहने वाला नयन पिता निलेश राव सतीगेट के पास से पैदल गुजर रहा था। भीड़ के बीच संदीप लश्करी से टकरा गया। टल्ला लगने पर संदीप ने विवाद किया और गाली-गलौच करते हुये नयन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

दिन	135-9	140-5
मेन बाजार	245-1	467-7
मिलन डे	669-1	660-2
मिलन नाइट	347-4	378-8

1 3 4

कृष्णमृगों को बोमा पद्धति से पकड़ने का अभियान जारी

ग्राम गावड़ी में 47, अब तक 710 का किया रेस्क्यू

31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, 2 हजार के रेस्क्यू का है लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मालवा अंचल के शाजापुरझशुजालपुर क्षेत्र में लगातार दुसरे वर्ष बोमा पद्धति से कृष्णमृग (ब्लैकबक) कैप्चर एवं स्थानांतरण अभियान का द्वितीय चरण जारी है। बुधवार को अभियान के 11वें दिन गुलाना तहसील के ग्राम गावड़ी में 47 कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया गया। इसके साथ ही अभियान के द्वितीय चरण में अब तक कुल 710 कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। अभियान 31 अक्टूबर तक रहेगा और इसमें 2 हजार रेस्क्यू का लक्ष्य है।



शाजापुर जिले में पिछले वर्ष भी अभियान चलाया गया था। उस दौरान कुल 846 कृष्णमृगों के साथ 67 नीलगायों को पकडा गया था। कुल 21 दिन के अभियान में तकनीकी कारणों से कम दिन अभियान चल सका था। इसी से उत्साहित होकर वन विभाग ने इस वर्ष भी अभियान चलाया है। इसमें पिछले 11 दिनों में रेस्क्यू का आंकडा 710 पर पहुंच गया है। अभी अभियान को 10 दिन शेष हैं।

फसलों की क्षति को रोकना- अभियान का मुख्य उद्देश्य मानवझवन्यप्राणी द्वंद्व एवं फसलों को होने वाली क्षति को कम करना, प्रभावित ग्रामीण समुदायों को राहत प्रदान करना तथा कृष्णमृगों को सुरक्षित तरीके से उपयुक्त वन्य आवास में स्थानांतरित करना है। अभियान के द्वितीय चरण में कुल 2,000 कृष्णमृगों के स्थानांतरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
दक्षिण अफ्रीका की टीम- अभियान में दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस का तकनीकी सहयोग प्राप्त हो रहा है। पशु चिकित्सकों, वन अधिकारियों एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारियों की टीम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार वन्यजीवों के सुरक्षित रेस्क्यू, हैंडलिंग एवं परिवहन का कार्य कर रही है। अभियान के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

गावडी में आज भी रहेगा अभियान

ग्राम गावड़ी क्षेत्र में अभियान गुरूवार सुबह भी जारी रहेगा। बुधवार को रेस्क्यू किए गए कृष्णमृगों को राष्ट्रीय पार्क कूनो वन्यजीवों के विशेष रूप से बने ट्रकों में भर कर भेजा गया है। इन सभी को वहां के खुले जंगल में छोडा जाएगा।

पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

स्मृति दिवस पर कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को नमन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कर्तव्य का पालन करते हुये अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों की याद में बुधवार को शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। पुलिस लाइन पर परेड का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से भेंट कर उनके अदम्य साहस को याद किया गया।



प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पुलिस विभाग में कर्तव्य का पालन करते हुये अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को नमन किया जाता है और श्रद्धाजलि परेड़ आयोजित कर सलामी दी जाती है। पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर बुधवार सुबह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा के साथ राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी, म. प्र.हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन जी, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित हुये। इस दौरान शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया और सलामी दी गई। परेड के बाद एडीजी और एसपी ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात करते हुये कुशलक्षेम जाना गया तथा उनके प्रति सम्मान, संवेदना एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई। एसपी शर्मा ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर पुलिसकर्मियों के त्याग, साहस और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश, समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर निष्ठा, समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

हॉट स्प्रिंग्स में शहीद हुये थे 10 जवान

21 अक्टूबर 1959 के लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में देश की सीमा की रक्षा करते हुये चीनी सैनिकों के हमले में सीआरपीएफ के 10 जवानों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। उन्ही की याद में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पूरे देश में शहीद स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पुलिस विभाग में कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को भी याद कर श्रद्धांजलि दी जाती है।

देश में पिछले वर्ष 154 पुलिसकर्मी शहीद हुये थे। जिसमें मध्यप्रदेश के 9 और उज्जैन के 3 पुलिसकर्मी शामिल थे। विदित हो कि उज्जैन के शहीद पुलिसकर्मियों में उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एसआई मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल शामिल थे। तीनों 14 साल की लापता बालिका की तलाश में निकले थे और क्षिप्रा नदी के बड़े पुल पर हादसे का शिकार हो गये थे। उनकी कार नदी में गिरी थी।

फिर दुर्घटना में गई बाइक सवार युवक की जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सड़क दुर्घटना के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे है। एक बार फिर मंगलवार-बुधवार रात बाइक सवार युवक की जान चली गई। उसका साथी गंभीर घायल हुआ है। मायापुरी देवासगेट क्षेत्र में रहने वाला अशीष पिता फूलसिंह बौरासी 32 साल दोस्त लखन पिता देवीसिंह पाटीदार 26 साल निवासी मक्सी हाल मुकाम बहादूरगंज के साथ बाइक से मोहनपुरा होते हुये लौट रहा था। रेलवे क्रॉसिंग ब्रिज पर पीछे से आये अज्ञात डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आशीष पीछे बाइक पर बैठा था जो डंपर की चपेट में आ गया और लखन बाइक का संतुलन बिगड़ने पर गिरने के बाद गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही महाकाल थाना पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंच गई थी। दोनों को अस्पताल लाया गया, लेकिन आशीष की मौत हो चुकी थी। महाकाल थाना पुलिस ने मामले में घायल लखन के बयान दर्ज कर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। लखन को गंभीर चोंट लगी थी, परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गये है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू की गई है। मृतक और घायल के परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें उसके बाद ही दोनों के आने-जाने के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी। विदित हो कि अक्टूबर माह की शुरूआत होने के बाद से शहर और आसपास के मार्गो पर प्रतिदिन सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ रहे हैं।

नागदा सीएसपी और विहिप कोषाध्यक्ष के बीच बहस

आधी रात को थाने के बाहर धरना प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागदा में मंगलवार-बुधवार रात दशहरा पर्व की बधाई का मामला थाना घेराव तक पहुंच गया। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल कार्यकताओं ने नारेबाजी की और धरना दे दिया। इस दौरान सीएसपी और विहिप कोषाध्यक्ष के बीच बहस हुई।

बताया जा रहा है कि दशहरा पर्व की बधाई देने के दौरान किल्लीपुरा की इंद्र कॉलोनी में मुस्लिम महिला द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। मामला थाने तक पहुंचा और पुलिस ने महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज की। लेकिन इस दौरान नागदा थाना एसआई योगिता उपाध्याय और बजरंग दल नगर संयोजक दिनेश परमार के बीच विवाद हो गया। दिनेश परमार ने महिला एसआई के व्यवहार पर आपत्ति जताई और तबादले की मांग शुरू कर दी। मामले की खबर लगते ही हिन्दू संगठन के कार्यकताओं ने नागदा थाने का घेराव कर दिया और नारेबाजी शुरू की धरना प्रदर्शन करने लगे। रात 1 बजे शुरू हुए घटनाक्रम की खबर मिलने पर सीएसपी विक्रम अहिवार मामला शांत कराने पहुंचे तो विहिप जिला कोषाध्यक्ष रमेश प्रजापत की सीएसपी से बहस शुरू हो गई। सीएसपी ने लिखित शिकायत देने को कहा और जांच की बात कहीं। लेकिन दोनों के बीच बहस तीखी हो गई। रात 2 बजे तक थाने के बाहर नारेबाजी होती रही।

नाबालिग के साथ होटल में मिला मुस्लिम युवक

उज्जैन। हिन्दूवादी संगठन ने मंगलवार-बुधवार रात खबर मिलने पर होटल में दबिश दी और नाबालिग के साथ मुस्लिम युवक को पकड़ा। दोनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया। नाबालिग को परिजनों को सौंपा गया, युवक से पूछताछ की जा रही है। देवासगेट थाना क्षेत्र के दूधतलाई में होटल जय जगदीश में देर रात नाबालिग के साथ मुस्लिम युवक के ठहरने का पता चलते ही हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता पहुंच गये। होटल के कमरा नम्बर 303 में युवक और नाबालिग मिले।

मादक पदार्थ मामले में आरोपी के साथियों की तलाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कार में सवार आगर के युवक से 21 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद होने के बाद उसे रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मादक पदार्थ से जुड़े उसके साथियों की तलाश कर रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान गरोठ-उज्जैन हाईवे सर्विस रोड पर जेसीबी भोपाल मोटर्स के सामने कार सवार युवक सुरेश पिता कालूसिंह 28 वर्ष निवासी ग्राम नारेला थाना बड़ोद आगर को हिरासत में लिया था। जिसके पास से 1 लाख कीमत की 21 ग्राम ड्रग्स बरामद हुई थी। पुलिस ने कार जप्त कर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। मंगलवार को गिरफ्त में आये युवक को न्यायालय में पेश किया और पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया। टीआई अशोक पाटीदार ने बताया कि आरोपी युवक उज्जैन में किसी को ड्रग्स सप्लाय करने आ रहा था।

बाइक के साथ चुराई थी सोयाबीन की बोरी

देवास पुलिस की हिरासत में उज्जैन का बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास पुलिस ने उज्जैन के बदमाश को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चुराई गई बाइक और सोयाबीन की बोरी जप्त की गई है।

19 अक्टूबर को ग्राम बरखेड़ी थाना बरोठा देवास के रहने वाले जीवन सूर्यवंशी ने शिकायत दर्ज कराई थी रात में उसके घर से एक सोयाबीन की बोरी और बाइक चोरी हो गई है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बदमाश का सुराग लगाना शुरू किया। इस बीच दोबारा से उक्त बदमाश सोयाबीन चोरी करने के मकसद से बरखेड़ी पहुंचा। इस बीच ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 ग्राम बरखेड़ी पहुंची और बदमाश को हिरासत में लिया। जिसे थाने लाकर पूछताछ की गई तो वह उज्जैन भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खरेट का रहने वाला नारायण पिता बदर उर्फ बहादूरसिंह सौंधिया 23 साल होना सामने आया। थाना प्रभारी सवितासिंह जाटवा



ने उसके द्वारा चुराई गई सोयाबीन की बोरी और बाइक बरामद करने के लिये टीम गठित की। बदमाश की निशानदेही पर दोनों बरामद कर ली गई। देवास पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भैरवगढ़ थाने में प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

बोवनी एवं त्यौहार की तैयारी के लिए किसान को रहेगी जल्दबाजी

मंडी खुलते ही सोयाबीन बेचवाली की टूट मचेगी

इस बार पानी की कमी के चलते अधिकांश क्षेत्रों में लोकवन की बोवनी ज्यादा रहेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में वर्षा की स्थिति इस मानसून में कमजोर ही रही है। नई बोवनी और त्यौहारों को देखते हुए किसान की नजर अब मंडी और उससे मिलने वाले सोयाबीन के भाव पर रहेगी। इसके चलते आगामी दिनों में मंडी के खुलते ही बेचवाली की टूट मचना तय है। इधर मौसम का रूख भी गड़बड़ाया हुआ है। ऐसे में किसान को दो तरफा तैयारी पर अपनी नजर रखना है। बोवनी एवं फसल की बिकवाली पर उचित दाम उसकी नजर में रहने वाले हैं।

पिछले वर्ष के मुकाबले जिले में इस वर्ष करीब आधी ही बारिश दर्ज हुई है। सोयाबीन की फसल तो इस वर्षा में हो गई लेकिन अगली फसल के लिए जमीन में नमी की स्थिति भी कमजोर है और आगे भी उसके लिए सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था सामने नहीं हैं। ऐसे में जिले में कम पानी की फसलों के प्रति किसानों का रूझान देखा जा रहा है। यहां तक की गेंहु में भी किसान ऐसी वैरायटी की और ध्यान दे रहा है जो कि न्यूनतम दो पानी में तैयार हो जाती है। ये अलग बात है कि इसका असर पैदावार भी रहना है।

मंडी में तेज भाव की आस- त्यौहारी दौर में मंडी बंद होने की स्थिति में सोयाबीन का भाव 6 हजार से 7500 तक गया था। किसान अब



तक तो उपज निकालने के बाद से भाव को लेकर नजर जमाए हुए था लेकिन अब उसके बाद समय नहीं हैं। ऐसे में किसान को सोयाबीन की उपज बेचना भी है और नई बोवनी के साथ त्यौहार की तैयारी भी करना है। ऐसे में मंडी खुलते ही आवक की स्थिति बंपर होने वाली है। किसानों को उम्मीद है कि मंडी में उंचे दामों पर ही उसकी फसल बिकना तय है। अब तक मंडी में 20 हजार बोरी प्रति दिन की आवक देखी जा रही थी लेकिन अब यह जमकर बढना तय है। किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के अनुसार अब किसान के लिए करो या मरो का समय शुरू होने वाला है। कई क्षेत्रों में बोवनी शुरू हो चुकी है। ऐसे में किसान को अपना माल बेचना ही है और तत्काल में ही बेचना होगा। नई बोवनी के लिए आर्थिक संपदा जुटाना और त्यौहार दोनों ही उसके सामने रहेंगे।

पोषक-तेजस की कमजोर बोवनी

इधर पूरे जिले में पानी की कमजोर स्थिति को देखते हुए किसान का रूझान कम पानी वाली फसल पर बना हुआ है। ऐसे में गेंहु की बोवनी में ज्यादातर किसान पोषक एवं तेजस को इस बार बाय-बाय कर रहे हैं और लोकवन के प्रति रूझान दिखा रहे हैं। किसान नेता श्री आंजना का कहना है कि लोकवन की फसल में 2 सिंचाई भी पर्याप्त होगी। ऐसे में उपज जरूर थोड़ी कम होगी लेकिन फसल आने में कोई समस्या नहीं रहेगी। 2 पानी में भी भरपूर स्थिति बन जाती है। जिले में रायडा, गेंहु, चना की बोवनी जारी है। इसके साथ ही लहसून की भी बोवनी की जा रही है।

पिछले वर्ष के मुकाबले बुरे हाल

जिले में पिछले वर्ष के मुकाबले वर्षा के बुरे हाल हैं। भू-अभिलेख के आंकडों के अनुसार पिछले वर्ष इस समय तक जिले में औसत 864.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई थी जिसके मुकाबले इस वर्ष628.1 मिली मीटर ही वर्षा हुई है।

नर्मदा का पानी नदी, तालाब, नहरों में छोड़ने की मांग

श्री आंजना बताते हैं कि जिले में पानी की कमजोर स्थिति को देखते हुए ही हमने प्रशासन से नर्मदा की पाइप लाइन से जुड़े नदी, तालाब, नहरों में पानी छोड़ने की मांग रखी है जिससे की किसानों को परेशानी न हो और उनकी उपज आ जाए। बोवनी के बाद फसलों को सही समय पर पानी मिल जाएगा तो पैदावार में समस्या नहीं होगी।

जिले में तहसीलवार स्थिति

तहसील	पिछले वर्ष	इस वर्ष
उज्जैन	567.2	912
घट्टिया	554.0	704.5
खाचरौद	684.0	992.0
नागदा	687.0	1008.7
बड़नगर	585.0	895.0
महिदपुर	690.0	877.0
झार्डा	771.0	897.4
तराना	703.2	934.2
माकड़ौन	412.0	559.0

स्त्रोत-जिला भू-अभिलेख। नोट आंकडे मिली मीटर में हैं।

अधिकांश कुएं, नलकूप ठप्प

श्री आंजना बताते हैं कि जिले में पानी की स्थिति ठीक नहीं है। अधिकांश कुओं में पानी नहीं है। नलकूपों के हाल यह हैं कि वे पानी अभी से छोडने लगे हैं। ऐसे में उनके भरोसे खेती नहीं की जा सकती है। अब तो नर्मदा का पानी छोड़ने पर ही अधिकांश किसानों को राहत की उम्मीद है। तालाबों एवं नदियों में पानी आएगा तो कुओं में भी जलस्तर बढ़ेगा और नलकूपों में भी। अभी तो मावठे की कमजोर उम्मीद है।

24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 1.7 मि.मी. वर्षा

कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला उज्जैन में पिछले 24 घंटे मंगलवार-बुधवार सुबह में औसत 1.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें सर्वाधिक वर्षा बड़नगर तहसील में 7.0 मिमी हुई हैं। इसी प्रकार उज्जैन तहसील में 4.0 और तराना में 4.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून 2026 से लेकर आज दिनांक तक जिले की औसत कुल वर्षा 628.1 मि.मी. दर्ज की गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com